卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 206 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦7 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## 93 सीटों के लिए पड़े वोट

### प्रधानमंत्री मोदी ने अहमदाबाद में किया मतदान

अहमदाबाद(उद ब्यूरो)। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर मंगलवार को वोटिंग हुई। इसमें गुजरात की 25, उत्तर प्रदेश की 10, महाराष्ट्र की 11, कर्नाटक की 14 सीटें शामिल हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के निशान



हायर सेकेंडरी स्कूल में मतदान किया। तीसरे चरण मे अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद मतदान केंद्र से बाहर आकर पीएम मोदी ने बच्चों के साथ मस्ती भी की। उन्होंने बच्चे को अपनी गोद में लेकर दुलारा। मतदान केंद्र से बाहर आकर पीएम मोदी ने मीडिया से भी बात की। मीडिया से बात करने के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी प्रधानमंत्री मोदी के साथ वहां मौजूद थे। इस दौरान पीएम मोदी ने सभी से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील की है। पीएम मोदी ने कहा, ये जो लोग दिन-रात दौड़ कर रहे हैं, अपने स्वास्थ्य की भी चिंता कीजिए। मीडिया की प्रतियोगिता भी इतनी है कि आपको समय से आगे दौड़ना पड़ता है। मैं तो यही प्रार्थना करुंगा अपने पुराने साथियों से की अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखिए और पानी (शेष पृष्ठ सात पर)

## लश्कर के टॉप कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर

श्रीनगर (उद ब्यूरो)।दक्षिण कश्मीर के कुलगाम के रेडवानी पाइन इलाके में आतंकियों के साथ चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर बासित अहमद डार समेत तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। मारे गए आतंकियों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। आतंकियों के शव बरामद कर उनकी पहचान की



जाएगी। सुबह ही खबर आई थी कि लश्कर कमांडर बासित अहमद डार में कुलगाम की इस मुठभेड में घिर गया है। सुरक्षाबलों को लश्कर के ठिकाने की मौजूदगी के बारे में एक खुफिया इनपुट मिला था जिसके बाद सोमवार (शेष पृष्ठ सात पर)

## रूद्रपुर नगर निगम की सीट होगी सामान्य!

### प्रदेश के नौ नगर निगमों में दो सीट ओबीसी और एक सीट हो सकती है एससी, महिलाओं के लिये दो से तीन सीटें आरक्षित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश में नगर निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मिया तेज हो गई है। आरक्षण को लेकर गठित एकल सदस्यीय समर्पित आयोग से निकाय क्षेत्रों में ओबीसी की रिपोर्ट मिलने के बाद निकायों में आरक्षण को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार यदि ओबीसी आरक्षण के लिये गठित वर्मा आयोग की सिफारिश को मान लिया जाता है तो प्रदेश के कुल 9 नगर निगमों में से 2 सीटे ओबीसी के लिये और 1 सीट एससी के लिये




आरक्षित हो जायेगी। एकल सदस्यीय समर्पित आयोग ने सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी थी, उसमें 9 नगर निगमों में कुल 21,50,227 की आबादी बताई गई है। इनमें से अनुसूचित जाति की 2,69,364 आबादी के हिसाब से एससी की एक सीट 3,88,135 आबादी के हिसाब से ओबीसी की दो सीटें और 14,80,532 आबादी के हिसाब से जनरल की छह मेयर सीटें रखने की सिफारिश की गई है। जिसमें रूद्रपुर की सीट को सामान्य किये जाने की सम्भावना है। इन सभी नौ सीटों पर 33 प्रतिशत महिला आरक्षण भी लागू होगा, जिसके तहत इस बार दो या तीन सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने की तैयारी है। सूबे में पहली बार 30 प्रतिशत तक ओबीसी आरक्षण लागू होने के बाद 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। जिसके चलते राज्य के नगर निगमों में मेयर पद पर महिलाओं के लिये 3 सीटे आरक्षित होंगी। (शेष पृष्ठ सात पर)

### गजब कारनामा! पार्षद और उसके परिवार सदस्यों का वोटर लिस्ट से नाम गायब

रूद्रपुर। वोटर लिस्ट को लेकर हमेशा सुखियों में रहने वाला निर्वाचन विभाग का एक ओर गजब कारनामा सामने आया है। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड एक के निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी और उनके परिवार के छह सदस्यों का नाम ही वोटर लिस्ट से गायब हैं। जबकि वह निवर्तमान नगर निगम बोर्ड के सदस्य रहे है और पूर्व में ग्राम प्रधान भी रह चुके है। श्री गौरी ने बताया कि बीएलओ द्वारा उनको दी गई पीली पर्ची में उनका (शेष पृष्ठ सात पर)

## दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला पर तमंचे से हमला

### लोगों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया, दूसरा फरार

गदरपुर। वार्ड न 10 गुरुनानक इंटरप्राइजेज वाली गली में दिनदहाड़े बाइक सवार दो युवक अचानक एक घर के बाहर रुके और बहाने घर से घर में घुस गए। घर में घुसते ही महिला के ऊपर तमंचा तान दिया। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने महिला को



तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। महिला के शोर मचाने पर आस पड़ोसी एकत्रित हो गए और आरोपी युवक को पकड़ लिया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 10 गुरु नानक इंटरप्राइजेज वाली गली में अशोक सिंधी के घर उस समय हड़कंप मच गया जब बाइक सवार दो युवक घर में सिगरेट की डिब्बी मांगने के बहाने जबरदस्ती घुस गए और घर में घुसते ही महिला अनीता सिंधी की कनपटी पर तमंचा तान दिया। महिला के विरोध करने पर युवक ने तमंचे की बट मारकर महिला को घायल कर दिया। महिला के (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवती ने कमरे में फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध हालातों में एक युवती ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिसव ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिऐज दिया। पुलिस आत्म हत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से ग्राम लिंगुणता पोस्ट



मंगलता लिगुराता अल्मोड़ा निवासी 19 वर्षीया प्रिया आर्या पुत्री गोपाल राम यहां ट्रांजिट कैम्प की राजा कालोनी में किराये का कमरा लेकर रह रही थी। सोमवार को संदिग्ध हालातों में प्रिया ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। देर शाम पुलिस को मकान मालिक ने सूचना दी कि प्रिया का सुबह से कमरा अंदर से बंद है। कई बार दरवाजा खटखटाने के बाद भी कमरा नहीं खुल रहा। सूचना पर महिला एसआई गोल्डी टीम के साथ मौके पर पहुंची और दरवाजे को तुड़वाया तो अंदर प्रिया फंदे पर लटकी थी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना पर मृतका के परिजन(शेष पृष्ठ सात पर)

### युवक ने गटका जहर, मौत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने विषाक्त का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे एसटीएच लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय विमल क्वीरा पुत्र नारायण सिह निवासी ग्राम बसंतपुरा पो. किशनपुर गौलापार में रहता है। बताया जा रहा (शेष पृष्ठ सात पर)

## साइबर ठगों ने ब्लैकमेल करके चार लाख ठगे

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। साइबर ठगी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। साइबर क्रिमिनल्स ने एक और व्यक्ति को लाखों रूपए का चूना लगा दिया है। पीड़ित न्याय के लिए पुलिस की शरण में पहुंचा है। साइबर सेल मामले की जांच में जुट गई है। शिव सांई कालोनी बिठौरिया हल्द्वानी निवासी हरिहर शुक्ला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पास 26 अप्रैल को फोन आया जिसमें फोन करने वाले खुद को क्राइम ब्रांच मुंबई को डीसीपी बताते हुए कहा कि उसकी आईडी से फेड- एक्स कूरियर से एक पार्सल ताइवान भेजा गया है जिसे मुम्बई कस्टम पुलिस ने पकड़ लिया है। पार्सल में ड्रग्स, पासपोर्ट, क्रेडिट कार्ड इत्यादि गैर कानूनी सामग्री मिली है। उन्होंने उसे मुंबई क्राइम ब्रांच में रिपोर्ट करने को कहा। जब उसने आने असमर्थता जताई तो उसने क्राइम ब्रांच को सहयोग करने और 24 घंटे स्काइप की वीडियो कॉल पर मुम्बई क्राइम ब्रान्च की निगरानी में रहने की बात कही। जांच के दौरान मुझसे कहा गया वह इस विषय में न तो किसी से बात कर सकता हूँ, न ही घर के बाहर जा सकता हूं। उसे डिजिटल(शेष पृष्ठ सात पर)

## गुरूद्वारे को देहरादून से चलाना चाहते थे पूर्व आईएएस: जोगिन्दर सिंह

नानकमता(उद संवाददाता)। गुरूद्वारे के नए प्रधान जोगिन्दर सिंह संधू ने पत्रकार वार्ता में पूर्व आईएएस हरवंश सिंह पर धार्मिक संस्था को अफसर शाही तरीके से चलाने का आरोप लगाते हुये कहा कि वह गुरूद्वारे को देहरादून से चलाना चाहते थे। श्री संधू ने कहा कि संगत ने



उन्हें गुरू घर की सेवा करने के लिए चुना था, लेकिन उन्होंने धार्मिक संस्था को भी अफसरशाही रवैये से चलाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि उनके दो वर्ष के कार्यकाल में गुरूद्वारे से जुड़े कई कार्यो में बाधाएं आती रही। लेकिन उन्होंने उन बाधाओं को दूर करने के बजाए उलझाने का काम किया। जिससे गुरूद्वारे की शिक्षा समिति नही बन पाई। यहां तक कि गुरूद्वारे के कर्मचारियों को फाईलों पर हस्ताक्षर कराने के लिए उनके आवास पर जाना पड़ता था। जिससे गुरूद्वारा कमेटी का अतिरिक्त खर्च होता था। श्री संधू ने कहा कि धार्मिक भावना से कार्य करने के बजाए सोशल मीडिया से गुरूद्वारे को चलाने का कार्य किया गया। जिससे संगत में उनके प्रति रोष पनपता गया। जो कि उनके गुरूद्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)

### शिक्षा समिति का गठन पहली प्राथमिकता

नानकमत्ता। नये प्रधान जोगिन्दर सिंह ने कहा कि गुरूद्वारा कमेटी द्वारा संचालित कालेज में खाली पदों पर नियुक्ति का मामला काफी समय से लंबित है। जिस कारण कालेंज में पढ़ने वालों बच्चों की शिक्षा पर खासा प्रभाव पड़ रहा है। जिसके लिए शिक्षा समिति का गठन करना जरूरी है। जो कमेटी कालेज के खाली पदों को भरने का काम करेगी। जिससें नानकमत्ता समेंत आसपास के दूर-दराज के आने वाले छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में कोई बाधा न आने पाए।

# हेलीकॉप्टर से बुझाई पौड़ी के जंगलों की आग, टिटहरी के अंडों को बचाया

## वनाग्नि की रोकथाम के लिए जिलों में नोडल अधिकारी तैनात







देहरादून। उत्तराखंड के जंगलों में तेजी से फैल रही आग को बुझाने के लिए अब वायु सेना भी मैदान में उतरी है। वायुसेना का हेलीकॉप्टर सोमवार शाम को श्रीनगर के जीवीके हेलीपैड पर उतरा। यहां से हेलीकॉप्टर अलकनंदा नदी पर बनी जीवीके परियोजना की झील से बकेट में पानी अपलिफ्ट कर पौड़ी के डोभ श्रीकोट के जंगलों पर बरसाया। जिससे जंगल में आग पर काफी हद तक काबू पाने में सफलता मिली। वहीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि अब जंगल में बार-बार आग लगाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया जाएगा। साथ ही वन संपदा को हुए नुकसान की भरपाई भी आग लगाने वालों से की जाएगी। उन्होंने कहा कि पौड़ी और अल्मोड़ा में आग बुझाने के लिए एनडीआरएफ की टीम उतारी गई है। यहां पर चौकी इंचार्ज अजय कुमार के नेतृत्व में दमकल के वाहन से आग को बुझाया गया। कोतवाली निरीक्षक होशियार सिंह पंखोली ने बताया कि देवलगढ़ में कॉपरेटिव बैंक से करीब 200 मी. पास तक आग पहुंच गई थी। जिसको बुझाने में टीम को सफलता हाथ लगी। उन्होंने बताया कि जीवीके झील से वायु सेना के हेलीकॉप्टर आग प्रभावित क्षेत्रों में पानी लेकर पहुंच रहा है। जिससे आग पर नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, आग बुझाने के लिए पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी के जवान भी तैनात किए जाएंगे।उत्तराखंड के जंगलों में बेकाबू हो रही आग पर काबू पाने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को उतार दिया है। गढ़वाल मंडल के पौड़ी और कुमाऊं के अल्मोड़ा जिले में जंगल ज्यादा सुलग रहे हैं। सोमवार को प्रदेश में 20 जगह जंगल धधके। पौड़ी में सोमवार को आग बुझाने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर से पानी का छिड़काव किया गया। वहीं, जंगलों की आग की राज्य में अब तक 930 घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे 1,196 हेक्टेयर से अधिक जंगल जल चुका है। सबसे अधिक 491 घटनाएं कुमाऊं और 365 घटनाएं गढ़वाल में हुई, जबकि 74 मामले वन्य जीव क्षेत्र के हैं। बेकाबू हो चुकी आग से अब तक पांच लोगों की मौत और चार लोग झुलस चुके हैं। सरकार का दावा है कि वनाग्नि से अभी तक किसी वन्यजीव के मारे जाने की सूचना नहीं है। इस बीच सरकार जानबूझकर और लापरवाही से आग लगाने के मामले में बेहद सख्त हो गई है। बार-बार आग लगाने वालों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई होगी। उत्तराखंड लोक व निजी संपत्ति क्षति वसूली अधिनियम के तहत वन संपदा के नुकसान की भरपाई आग लगाने वालों से होगी। वनाग्नि की स्थिति की समीक्षा बैठक के बाद मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा, वनाग्नि पर काबू पाने के लिए एक्शन प्लान बना लिया गया है। जंगल में आग बुझाने के काम में अब पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी, युवक व महिला मंगल दल, सभी स्थानीय संगठनों और लोगों को लगाया जाएगा। पौड़ी और अल्मोड़ा में एनडीआरएफ तैनात हो गई है। बताया, सरकार को आईआईटी रुड़की से कृत्रिम बारिश (क्लाउड सिडिंग) का प्रस्ताव मिला है। इस प्रस्ताव को लेकर सभी पहलुओं पर विचार के बाद निर्णय लिया जाएगा। मौसम विभाग से चर्चा की जाएगी कि इससे मौसम पर कोई प्रतिकूल असर तो नहीं पड़ेगा। जंगल में जान बूझकर आग लगाने के मामले में पुलिस ने 13 मुकदमे दर्ज किए हैं। इनमें चार लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि छह अज्ञात हैं। वन विभाग ने 351 मुकदमे दर्ज किए हैं, जिसमें 290 अज्ञात, जबकि 61 नामजद मुकदमे हैं। मुख्य सचिव ने कहा, सरकार उन गांवों को पुरस्कृत करेगी, जहां ग्रामीणों ने अपने गांवों को जंगल की आग से बचाने का काम किया है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर वन मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाकर जिलों में तैनात कर दिया है, जो हर दिन वनाग्नि की घटनाओं का अनुश्रवण करेंगे और इन पर निगरानी रखेंगे। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देशों के क्रम में पौड़ी जिले में जंगलों की आग पर काबू पाने के लिए एयर फोर्स की मदद ली गई। श्रीनगर के समीप कोटेश्वर हेलीपेड में एयर फोर्स का हेलीकॉप्टर उतारा गया। हेलीकॉप्टर ने आज दो राउंड में लगभग पांच हजार लीटर पानी का छिड़काव किया। डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि हेलीकॉप्टर से आग बुझाने का अभियान जारी रहेगा। इस दौरान डीएफओ सिविल सोयम प्रदीप कुमार, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, एसडीएम श्रीनगर नूपुर वर्मा, नायब तहसीलदार कमल सिंह राठौर फायर ब्रिगेड तथा अन्य संबंधित विभागों के कार्मिक मौजूद रहे। मुनि की रेती, नरेंद्रनगर वन प्रभाग में आग बुझाने के अभियान के दौरान वन कर्मी टिटहरी के अंडों को आग से बचाने में कामयाब रहे। ऐसी जंगल की आग में, न जाने ऐसे कितने वन्यजीवों, पक्षियों के आवास और यहां तक कि मानव जीवन के संभावित नुकसान हो जाता है। हम सभी से इस कठिन समय में वन विभाग के साथ सहयोग करने का आग्रह करते हैं।

## वनाग्नि पर 24 घंटे निगरानी रखी जाए : पीसीसीएफ




देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री द्वारा वानाग्नि की घटनाओं की रोकथाम को लेकर जारी सख्त दिशा निर्देश के बाद वन विभाग के आला अधिकारी भी एक्शन में आ गये हैं। प्रदेश में आग की घटनाएं दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। आग की घटनाओं को काबू में करने के लिए अब वन विभाग के मुखिया ने रणनीति बदल दी है। पीसीसीएफ (हाफ) धनंजय मोहन ने आग को काबू में करने के लिए वन विभाग के फील्ड के कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों की जवाबदेही तय की है। आग की घटनाओं में वृद्धि ना हो और इन घटनाओं पर काबू पाया जा सके इसलिए पीसीसीएफ (हाफ) धनंजय मोहन ने हर जिले के लिए नोडल अधिकारी की तैनाती की है। बता दें कि मुख्यालय में महत्वपूर्ण पदों पर जमे सीनियर आईएफएस अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनवाया गया है। सोमवार को वन मुख्यालय में को वनाग्नि रोकथाम नियंत्रण की कार्यवाही हेतु ली गयी समीक्षा बैठक के क्रम में प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड द्वारा ऑन लाइन माध्यम से वनाग्नि की रोकथाम/नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही समीक्षा बैठक आहूत की गयी। इस क्रम में कार्यवाही को प्रभावी बनाने के संबंध में मुख्य रूप से निम्न अनुसार निर्णय/निर्देश दिए गए। सामूहिक रूप से वनाग्नि पर त्वरित रूप से एवं न्यूनतम रिपोर्स टाइम रखते हुए नियंत्रण किया जाए। वनाग्नि नियंत्रण/प्रबंधन में लगे फायर वाचारों का जीवन बीमा कराया जाए। संवेदनशील वन प्रभागों में यदि आवश्यकता हो तो जिलाधिकारी से संपर्क कर तत्काल वनाग्नि नियंत्रण हेतु परिस्थितियों की आवश्यकता के अनुरूप वायु सेवा/एनडीआरएफ की सहायता ले। यदि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के शिथिलता प्रकाश में आती है तो उसको चिन्हित करते हुए उचित कार्यवाही की जाए।. वन अग्नि की घटनाओं के नियंत्रण हेतु स्वयं सहायता समूह, महिला मंगल दल, युवा मंगल दल, वन अग्नि प्रबंधन समितियां आदि को सक्रिय रूप से सम्मिलित किया जाए। चारधाम यात्रा रूट पर मोबाइल टीमें लगाकर वनाग्नि घटनाओं पर 24 घंटे निगरानी रखी जाए एवं जगह जगह पर साइनेज स्थापित कर प्रचार प्रसार व्यापक रूप से किया जाए। वरिष्ठ वन अधिकारियों को जिलेवार नोडल के रूप में वनाग्नि नियंत्रण पर प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने हेतु तैनात कर दिया गया है।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया स्ट्राँग रूम एवं मतगणना केन्द्र का निरीक्षण



उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम ने उत्तरकाशी जिले के अपने भ्रमण के दौरान सामवार को लोक सभा चुनाव के लिए बनाए गए स्ट्राँग रूम एवं मतगणना केन्द्र का निरीक्षण करने के साथ ही मतगणना की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उत्तरकाशी पहुँचकर राजकीय कीर्ति इंटर कॉलेज में लोक सभा चुनाव के लिए जिले की पुरोला, यमुनोत्री और गंगोत्री विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के स्ट्राँग रूम एवं मतगणना केन्द्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्ट्राँग रूम व परिसर के विभिन्न क्षेत्रों तथा तीनों स्तर के सुरक्षा घेरों की मौके पर जाकर पड़ताल की तथा सुरक्षा व्यवस्था को निरंतर चाक-चौबंद बनाए रखने के निर्देश देते हुए परिसर में सीसीटीवी निगरानी, अग्निशमन व्यवस्था और विद्युत व्यवस्था की भी जानकारी ली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध समय से सुनिश्चित करने के साथ ही मतगणना कर्मियों के बेहतर प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं मतगणना के दिन गणना प्रक्रिया धीमी न हो और सभी सूचनाएं समय से प्रेषित की जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिला निर्वाचन अधिकारी जय किशन, उप जिलाधिकारी व एआरओ देवानंद शर्मा, नवाजिश खलीक, बृजेश कुमार तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कुमार भी उपस्थित रहे।

## वनाग्नि नियंत्रण कार्यों में लापरवाही करने पर होगी कड़ी कार्यवाही : सीएस



देहरादून(उद संवाददाता)। सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने बताया कि वनाग्नि नियंत्रण में लापरवाही बरतने पर रेंज अधिकारी, जोरासी (अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा) को प्रभागीय कार्यालय स्तर पर सम्बद्ध किया गया है। सीएस ने जोनल अधिकारी मुख्य वन संरक्षक कुमाऊँ/ गढ़वाल तथा वन्यजीव परिरक्षण क्षेत्र को निर्देश दिए हैं कि वनाग्नि नियंत्रण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्य सचिव ने जानकारी दी कि राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी वनाग्नि एवं आपदा प्रबन्धन द्वारा वनाग्नि की घटनाओं की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। उनके द्वारा उच्च स्तर को भी वनाग्नि की घटनाओं की अद्यतन सूचना से अवगत कराया जा रहा है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि वनाग्नि नियंत्रण में सक्रिय वन पंचायतों/वनाग्नि प्रबन्धन समितियों/ महिला मंगल दलों/ युवा मंगल दलों की भी सहायता ली जाए। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा वनाग्नि नियंत्रण हेतु प्रत्येक जिलाधिकारी को ६५ करोड़ का बजट आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा जल्द ही छोटे आकार में वॉटर टैंकर क्रय किए जाएंगे, जिनकी सहायता से आसानी से उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में पोर्टेबल पम्पों की सहायता से आग बुझाई जा सकेगी। आग बुझाने वाले सिलेण्डरों की व्यवस्था भी तत्काल की जा रही है। डीजीपी श्री अभिनव कुमार ने बताया कि जिन स्थानों पर आग लगाने की घटनाएं सामने आई हैं, वहाँ पर वन विभाग के अधिकारी, एसडीएम एवं स्थानीय पुलिस बल की सयुंक्त टीम द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु एक एसओपी बनाई गई है।

## वनाग्नि की घटनाओं के लिए पुलिस ने बनाई एसओपी

देहरादून(उद संवाददाता)। वनाग्नि की घटनाओं पर अंकुश के लिए पुलिस विभाग ने एसओपी तैयार कर ली है।



वनाग्नि के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के लिए सभी जिलों को इस एसओपी का पालन करने के निर्देश दिए हैं। इसमें फॉरेस्ट एक्ट, आईपीसी, आईटी एक्ट आदि के प्रावधानों में कार्रवाई की जा रही है। वनाग्नि के संबंध में पुलिस ने कुल 14 आपराधिक मुदकमे दर्ज किए, जिनमें चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह जानकारी डीजीपी अभिनव कुमार की ओर से मुख्य सचिव को अब तक की एक्शन टेकन रिपोर्ट के ब्योरे में दी गई है। डीजीपी की ओर से भेजे गए पत्र में बताया गया कि वनाग्नि और अन्य अग्निकांडों पर काबू पाने के लिए पूरे प्रदेश में 48 फायर स्टेशन और यूनिट सक्रिय हैं। यहां मिल रही सूचनाओं पर कार्रवाई की जा रही है। अग्निशमन विभाग को अब तक वनाग्नि की 927 सूचनाएं मिली हैं। इन पर कार्रवाई करते हुए अग्निशमन और पुलिस ने करीब 29 करोड़ रुपये की वन संपदा और 150 पशुओं को जलने से बचाया है। इस संबंध में डीजीपी ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का भी हवाला दिया। इसमें उन्होंने रिस्पांस टाइम कम करने और ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था और पिछले माह डीआईजी फायर सर्विस की ओर से भी बैठकें कर वनाग्नि व अन्य अग्निकांडों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने बताया कि पौड़ी और चमोली पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर वनाग्नि फैलाने का आरोप है। सभी फायर स्टेशनों और यूनिट पर उपकरणों के साथ फोर्स को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। इसके क्रम में एक मुकदमा चमोली में दर्ज करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ग्रामीणों और वन क्षेत्रों के पास रहने वाले लोगों से लगातार संवाद स्थापित कर उन्हें वनाग्नि के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। डीजीपी अभिनव कुमार ने वनाग्नि की घटनाओं में कार्रवाई के लिए रिस्पांस टाइम को कम से कम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दमकल वाहनों को ऐसी जगहों पर तैनात करने को कहा जहां से आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए जल्द से जल्द पहुंचा जा सके। उन्होंने ऐसी वन रेंज को चिह्नित करने के निर्देश भी दिए जहां पर बार-बार वनाग्नि की घटनाएं हो रही हैं। डीजीपी सोमवार को अधिकारियों के साथ चारधाम यात्रा की तैयारियों और वनाग्नि पर कार्रवाई के संबंध में बैठक कर रहे थे। डीजीपी ने चारों धाम और हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को समय से सुदृढ़ करने को कहा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में चूक होने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यात्रा ड्यूटी में लगे होमगार्ड, पुलिस और पीआरडी जवानों के रहने और खाने की व्यवस्था के लिए वेलफेयर अफसर नियुक्त करने के निर्देश भी दिए। कहा कि किसी भी आयोजन में सोशल मीडिया की अहम भूमिका रहती है। ऐसे में जरूरी है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट को वायरल न होने दें। लगातार सोशल मीडिया की निगरानी की जाए। उन्होंने यात्रा मार्ग पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के व्यवहार को भी ठीक करने के निर्देश दिए। उनके अनुशासन और मनोबल में कमी न आए इसके लिए उन्होंने जनपद प्रभारी की जिम्मेदारी तय की। उन्होंने वनाग्नि की घटनाओं पर अब तक की स्थिति के बारे में जानकारी ली। कहा कि वनाग्नि की सूचना पर तत्काल घटना पर पहुंचा जाए। बार-बार वनाग्नि की घटनाएं होने वाले सभी रेंज की पुलिस मुख्यालय को जानकारी दी जाए। ताकि, यहां पर आगे की कार्रवाई और बचाव आदि के लिए अन्य विभागों से समन्वय स्थापित किया जा सके।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें–
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः–
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री–पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# मोहमाया में फंसी आंखों को नहीं दिख सकते परमात्मा : हरि चेतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि जो आंखें विषय वासना, सांसारिक मोहमाया में फँसी है उन्हें परमात्मा नहीं दिखाई देते। जब संसार नहीं दिखता तो प्रभू दिखते हैं। सन्तों, शास्त्रों व अवतारों को मात्र अपनी कमियां छुपाने की ढाल ही ना बनाएँ। उनसे प्रेरणाएं, शिक्षाएँ व उपदेश भी ग्रहण करके अपने जीवन में उतारकर जीवन को दैवत्व परिपूर्ण बनाए। उन्होंने कहा कि विचार शील प्राणी कभी भी किसी भी हाल में धर्म व परमात्मा का साथ कदापि भी नहीं छोड़ता। यूँ भी धैर्य धर्म , मित्र व नारी इन चारों की परीक्षा विपत्ति के समय होती है। कब कौन सी बुद्धि उजागर हो जाए कोई कुछ कह नहीं सकता, हाँ अच्छे संग से सुमति व बुरे संग से कुमति ही उत्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति कुछ भी बोलने, कार्य करने, संबंध बनाने व व्यवहार करने से पूर्व विचार करता है उसे सफलता मिलती है लेकिन मूर्ख व्यक्ति बाद में विचार करता है उसे पश्चाताप ग्लानि व उपहास का पात्र बनना पड़ता है। अपने विवेक को सदैव जागृत रखें। माता–पिता, गुरुजनों, शास्त्र



, संस्कृति के प्रति श्रद्धा व आदर भाव रखने को कहा। एक मात्रा के अंतर से विशेष लाभ से वंचित ना रहे। हम माता–पिता, संतों, गुरुओं, शास्त्रों, ग्रंथों व अवतारों को माने। विभिन्न मतों, संप्रदायों में उपासना पद्धति चाहे अलग अलग हो लेकिन उद्देश्य सभी का एक ही है। अपने प्रवचनों में उन्होंने कहा कि मानव पर जगत व जगतपति दोनों का अधिकार है लेकिन मानव का इन पर अधिकार मानना अज्ञानता है। दूसरों को नुकसान पहुंचाने वाले का अपना ही नुकसान होता है। यदि दूसरा हमें नुकसान पहुंचाए तो हमें बचाव की स्थिति अपनाएं, आक्रमक दृष्टि ना होने दें। क्षमाशील बनें, क्षमा तो वीरों का आभूषण है। कामनाओं से बढ़कर दूसरा कोई शत्रु नहीं।आग्रह, दुराग्रह, संग्रह, परिग्रह, निग्रह इन पांचों ग्रहों के रहते प्रभु का अनुग्रह नहीं मिलता। इन पांचों से स्वयं विचारपूर्वक मुक्त हो सकते हैं अन्य साधनों से नहीं। दूसरों के कर्तव्य पालन की चिंता ना कर के अपने कर्तव्य का पालन करें। दूसरों के बारे में सोचना ही है तो सर्वहितकारी चिंतन करें कि किसी के जीवन में अशांति वेदना दुख ना रहे। इससे पूर्व यहाँ पहुँचने पर श्री महाराज जी का पूर्ण धार्मिक रीति से पुष्प वृष्टि करते हुए, फूल मालाएँ पहनाकर, आरती उतारकर हरि भक्तों ने भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया। 12 जून को श्री महाराज जी का पावन प्राकट्योत्सव जन्मोत्सव हमेशा की भाँति भारत सहित सम्पूर्ण विश्व के 360 से भी अधिक स्थानों पर मनाया जाएगा। श्री महाराज जी के पावन सानिध्य में 9–12 जून श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी काशीपुर में विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन होगा । 12 अप्रैल से ही श्री महाराज जी जहां भी पधार रहे हैं हरि भक्त धूमधाम से जन्मोत्सव मना रहे हैं ।

# सांसद प्रज्वल के खिलाफ महिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी उधम सिंह नगर से मिलकर हासन कर्नाटक लोकसभा से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी को सौपे ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से मांग की गई है कि वह लोकसभा सांसद




प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाए। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव सपना गिल, पूर्व पार्षद प्रीति साना,सोफिया मनी, मंजू जैन, सुनीता आर्य, ममता शर्मा, सरोज रानी, अंकिता अधिकारी,गीता सरकार, पूनम गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

# नानकमत्ता के छात्र–छात्राओं के साथ हुआ छलावा

## महाराणा प्रताप महाविद्यालय निर्माण के लिए तीन वर्ष में भी नहीं हुई भूमि हस्तांतरित

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। नगर के प्रमुख आरटीआई कार्यकर्ता नवीन अटवाल ने नानकमत्ता में अस्थाई व्यवस्था से चल रहेमहाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय के स्थाई भवन निर्माण के संबंध में उच्च शिक्षा निदेशालय से आरटीआई के माध्यम से इस संबंध में हो रही प्रगति के बारे में रिपोर्ट मांगी तो चौंकाने वाली बात सामने आई कि महाविद्यालय की स्थाई बिल्डिंग बनाने के लिए जिस भूमि का चयन किया गया था शासन स्तर पर उसका हस्तांतरण ही नहीं हो पाया है। जिसका खामिया पढ़ रहे छात्र छात्राओं को उठाना पड़ रहा है।



सामाजिक कार्यकर्ता नवीन अटवाल ने आरोप लगाया है कि इस संबंध में समय–समय पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा दावा किया गया था कि जल्द से जल्द महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध करा दी जाएगी पर सारे दावे कोरे नजर आ रहे हैं, आज 3 साल बाद भी महाविद्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध नहीं हो पाई है। जबकि महाविद्यालय में साल दर साल छात्र छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में वहां पढ़ने वाले सैकड़ो छात्र छात्राओं को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। महाविद्यालय का अपना भवन न होने के कारण अन्य संसाधन जुटाना भी प्रायः मुश्किल हो जाता है। वर्तमान में महाविद्यालय टीआरसी के चार छोटे कमरों में चल रहा है, वही नवीन अटवाल का कहना है कि वह इस संबंध में अपनी मुहीम जारी रखेंगे और उच्च शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलकर एवं माननीय मुख्यमंत्री जी को पत्राचार कर इस समस्या को जल्द से जल्द करने का प्रयास करेंगे।

# नशे के इंजेक्शन समेत एक गिरफ्तार

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक युवक को नशे के इंजेक्शन समेत गिरफ्तार किया है। वनभूलपुरा थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन गेट के पास संदिग्ध हालत में घूम रहे एक युवक को धर दबोचा। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से नशे के इंजेक्शन बरामद हुए हैं। पकड़े गए युवक ने अपना मो. फईम पुत्र मो. सलीम निवासी इन्द्राकालौनी वार्ड नं. 2 काठगोदाम बताया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133

# एकल अभियान संस्था ने 50 आचार्य को किए टेबलेट वितरण

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। एकल अभियान संस्था द्वारा नगर में मॉडल संच के तहत विभिन्न ग्रामों के 50 आचार्य को टेबलेट वितरण किये





गए। बालाजी मंदिर की धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में एकल अभियान संस्था के अंचल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने टैबलेट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नानकमत्ता को मॉडल संस्कृति के तहत चुनकर पुनः टेबलेट वितरण करना सौभाग्य की बात है, उन्होंने कहा कि एकल अभियान सस्ता शिक्षा के क्षेत्र के अलावा जन जागरूकता अभियान का कार्य भी करती है। केंद्रीय सह अभियान प्रमुख शदीप कुमार ने ई शिक्षा के विषय में सभी को जानकारी दी पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में नानकमत्ता में ई शिक्षा का काम किया जायेगा। आर एस एस के राष्ट्रीय केंद्रीय सह मंत्री व विहिप प्रचारक स्नेहपाल ने कार्यकर्ताओ को आशीर्वाद दिया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय सह प्रचारक चंद्रशेखर ने एकल अभियान के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, सुनील गर्ग, भुवन चन्द्र पाण्डेय, शांति पाण्डेय , दिनेश भारद्वाज ,संभाग अध्यक्ष हरीश बजाज, संभाग सचिव लाल सिंह दायमा , संभाग उपाध्यक्ष शैली बंसल, उपाध्यक्ष ठाकुर जितेंद्र सिंह , सचिव गीता गोस्वामी , संरक्षक सुनील रेदानी , अंचल अध्यक्ष जगदीश चंद्र पांडे , संच अध्यक्ष हीरा सिंह,सचिव केशवर चौरसिया, केंद्र प्रमुख मनोहर लाल, अभियान प्रमुख आशुतोष आदि मौजूद थे।

# श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। श्री सांवरिया दर्शन सेवा समिति की ओर से सुभाष कालोनी में आयोजित श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में पूरी रात श्याम बाबा का गुणगान हुआ। इस दौरान दिल्ली से आये भजन गायक विवेक शर्मा, एवं शाहजहांपुर से आई भजन गायिका सोनम सक्सेना ने अपने भजनों से श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। ज्योति प्रज्वलित करने के साथ संकीर्तन का विधिवत शुभारम्भ हुआ। इसके बाद भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को बाबा श्याम की भक्ति में सराबोर कर दिया। श्याम संकीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी हाजिरी लगाई। इस दौरान आयोजकों ने ठुकराल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक ठुकराल ने श्याम संकीर्तन के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी।



इस अवसर पर मुकेश दीक्षित, सूरज ग्रोवर, श्याम प्रजापति, रोहित, रिंकू, काके, सतीश, संदीप, राजू, पवन, अनुज, संजू, बंटी, अरविंद आदि मौजूद थे।

# शहर में बदहाल हुई सफाई व्यवस्था को लेकर व्यापारियों ने किया उपनगर आयुक्त का घराव

रूद्रपुर( उद संववाददाता)। शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था के खिलाफ व्यापार मण्डल ने मंगलवार को उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी का घेराव कर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की। व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा की अगुवाई में तमाम व्यापारी नगर निगम पहुंचे उन्होंने उपनगर आयुक्त का घेराव कर बदहाल सफाई व्यवस्था पर नाराजगी प्रकट की। व्यापारी नेताओं ने कहा कि करीब एक सप्ताह पहले काशीपुर बाईपास मार्ग पर नाले की सफाई हुई थी, जिसमें नाले का कूड़ा निकालकर नाले के पास ही रख दिया गया। इतने दिन बीतने के बावजूद कूड़ा नहीं उठाया गया है, तेज हवावों के कारण नाली का कूड़ा इधर उधर फैल रहा है कूड़े से आ रही दुर्गंध के



कारण व्यापारियों और आम लोगों का जीना दुश्वार हो गया है, गंदगी से बिमारियां फैलने की आशंका है। इसी तरह का हाल सिविल लाईन में भी है वहां पर भी नाले की सफाई न होने के कारण नालियों का पानी सड़क पर आ रहा है। व्यापारियों ने सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की। घेराव करने वालों में महामंत्री मनोज छाबड़ा, अंशुल अग्रवाल, मनीष गोस्वामी, सुनील आर्य, शिवेन सेठी, मानस दुनेजा ,गौरव गांधी, विशाल हुडिया, अजय गोयल, आशीष ढींगरा, हेमंत गर्ग सहित कई व्यापारी शामिल थे।

# गायन प्रतियोगिता के ऑडीशन में बच्चों ने बिखेरा सुरों का जादू






## विभिन्न स्कूलों के 39 बच्चों का सेमीफाईनल के लिए हुआ चयन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोक रचना समिति द्वारा आयोजित स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने सुरों का जादू बिखेरकर धूम मचा दी। नए-पुराने फिल्मी गानों की प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगता में विभिन्न स्कूलों के 150 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। तीन वर्गों में 39 बच्चों का चयन सेमीफाइनल के लिए किया गया। सीनियर जूनियर और सब जूनियर तीन वर्गों में आयोजित गायन प्रतियोगिता का ऑडिशन काशीपुर बाईपास रोड स्थित अम्बर होटल में किया गया। ऑडिशन का शुभारम्भ एमेनिटी पब्लिक स्कूल के एमडी सुभाष अरोरा एवं होटल अंबर के एमडी लक्ष्य अरोरा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुभाष अरोरा ने कहा कि लोक रचना समिति प्रतिभाओं को निखारने का काम बखूबी कर रही है। छोटे छोटे मंचों से ही प्रतिभाएं आगे बढ़ती है और आगे चलकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्कूली बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ सांस्कृतिक क्रियाकलापों से बच्चों का रचनात्मक विकास होता है। उन्होंने कहा कि लोक रचना समिति के संयोजक केवल कृष्ण बतरा बच्चों को मंच देकर सराहनीय काम कर रहे हैं।ऑडीशन को लेकर बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। विभिन्न स्कूलों के डेढ़ सौ से अधिक बच्चों ने मंच पर अपनी प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की प्रस्तुति के आधार पर निर्णायक प्रसिद्ध गायक रितेश मनोचा एवं श्रीमती सुजाता नारंग ने 39 बच्चों को सेमीफाइनल के लिए सलेक्ट किया। सीनियर वर्ग से डीपीएस की वृंदा, जेपीएस स्कूल के दिव्यम, एमेनिटी की अदिति और गुरनूर, होली चाइल्ड के मनजोत , आरएएन की वंशिका, स्टोन रिड्ज स्कूल की आस्था आर्या, डीपीएस से गुरसिमरत, आरएएन से गुरसिमरत, कोलम्बस स्कूल की आकृति, आरएएन की चंद्र मौली एवं अमेनिटी की दिव्या ठुकराल को सेमीफाईनल के लिए चुना गया। जूनियर वर्ग में आरएएन के वाशु अरोरा, भारतीयम से अभिरम्या, आदविक, डीपीएस से गुरनाम, सक्षम, जेपीएस से साई, होली चाइल्ड से दिव्यांश, आरएएन से स्वास्तिक, नंदनी, अक्षत जोशी , गुरूनानक स्कूल की आदिति, एमेनिटी की परिधि आदि को सेमीफाईनल के लिए चुना गया। सब जूनियर वर्ग से जेपीएस की अराध्या, स्टोर रिड्ज की तृप्ति आनंद, प्रत्यक्ष, एमेनिटी से सुमित वर्मा, इताशा, डीपीएस से आस्तिक, भारतीयम से नविका, आरएएन से माधव, नाद म्यूजिक अकैडमी से शिवलिन खत्री, कोलम्बस से चित्रांशी शुक्ला, जैन ग्लोबल स्कूल से दीपांक, जेपीएस से आयुष्मान, डीपीएस से अरियाना, आएएन से आरव नेगी, आर्नव तिवारी को सेमीफाईनल के लिए चुना गया। इस अवसर पर संयोजक केवल कृष्ण बतरा ने बताया कि ऑडीशन में सफल हुए बच्चों का सेमीफाइनल होगा। जिसमें से फाईनल के लिए तीनों वर्गों से 12 प्रतियोगी चुने जायेंगे। फाईनल में तीनों वर्गों से बैस्ट सिंगर का चयन होगा। उन्होंने कहा कि सेमीफाइनल और फाईनल की तिथि जल्द घोषित की जायेगी। इस अवसर पर संचालन मोहित बतरा ने किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, कोलंबस पब्लिक स्कूल के एमडी मनोज खेड़ा, हरीश अरोड़ा, पवन गवा पल्ली, राजेश कामरा, सोनू खुराना, अमित गंभीर, शिवा चावला, मनीष गोस्वामी, दीपक तनेजा , अमित बंगा, उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा, विकास कुमार, मुकेश गुप्ता, दुर्गेश तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।




















# क्वालिटी मॉइश्चर एवं बारदाना में चल रहा करोड़ों का खेल

## हराम की कमाई का अड्डा बन चुके हैं एफसीआई के गोदाम

■ मनोज श्रीवास्तव

काशीपुर/जसपुर/बाजपुर। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों में बारदाना एवं मॉइश्चर को लेकर बड़ा गड़बड़ घोटाला चल रहा है। भ्रष्ट अधिकारी इसकी आड़ में सरकार के राजस्व को करोड़ों का चूना लगा रहे हैं। और तो और क्वालिटी चेक करने के नाम पर सुविधा शुल्क के रूप में मोटी रकम लेकर रद्दी एवं घाटिया अनाज को पास किया जा रहा है जो क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ है। उधम सिंह नगर जनपद में एफसीआई के गोदाम तथा यहां बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की गतिविधियों पर बारीकी से यदि जांच बिठाई जाए तो बड़ा गड़बड़ घोटाला एक बार फिर से उजागर हो सकता है। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ समय से एफसीआई के गोदाम में डंप किए जा रहे गेहूं चावल के रैक की क्वालिटी की जांच को लेकर सुविधा शुल्क लेने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। राशन कार्ड धारकों का आरोप है कि उन्हें जो अनाज कोटे से मिल रहा है वह बेहद घटिया है। सरकारी सस्ते गले की दुकान संचालित करने वाले तमाम राशन डीलरों ने बताया कि उनके पास जो एफसीआई से अनाज की बोरियां आती हैं वह वजन में कम होती है। 50 किलो 500 ग्राम वजन की बजाय अधिकांश बोरियों का वजन 45 से 48 किलो होता है। इसके अलावा गेहूं चावल की बोरियों में पानी डालने का काम किया जा रहा है जिससे उनका वजन बढ़ जाए। देखा जाए तो भ्रष्टाचारियों का यह कारनामा बेहद चिंता का विषय है क्योंकि आम जनता की स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हुए यह भ्रष्ट अधिकारी अपनी जेब भरने का काम कर रहे हैं। बाजपुर के एफसीआई गोदाम में जब प्रतिनिधि ने पहुंचकर प्रबंधक से इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया तो मैनेजर ने प्रेस से बातचीत करने से साफ मना कर दिया। मौके पर देखा गया कि बगैर क्वालिटी चेक किया अनाज के बोरियों को गोदाम में डंप किया जा रहा था। इस बारे में जब मैनेजर से जानकारी लेने का प्रयास किया तो वह सकपका गया। हालांकि देखा जाए तो जनपद उधम सिंह नगर के अधिकांश एफसीआई के गोदाम में बड़ा गड़बड़ घोटाला चल रहा है लेकिन बाजपुर जयपुर एवं काशीपुर के गोदाम धांधली में अव्वल है।

## गरीबों के पेट का निवाला डकार रहे हैं कुछ अधिकारी

काशीपुर। देहरादून में बैठकर एफसीआई के प्रबंधन का कार्यभार देखने वाले राजेश से जब इस बारे में बातचीत करने का प्रयास किया तो पत्रकार का नाम सुनते ही उन्होंने मोबाइल बंद कर लिया। जबकि सच्चाई यही है कि अकेले एफसीआई के गोदाम से सरकार को महीने में करोड़ों का चूना लग रहा है। गोदामों से जुड़े भ्रष्ट अधिकारी हराम की कमाई से घर भर रहे हैं। हालांकि पूर्व में जांच के दौरान भ्रष्टाचार में लिप्त कई चेहरे बेनकाब हुए लेकिन सिलसिला आज भी बंद नहीं हो सका। एफसीआई के गोदामों के आसपास आज भी शातिर किस्म की दलालो की चहल कदमी देखी जा सकती है। ऐसे ही अधिकांश राशन डीलर भी सरकार की आंख में धूल झोंक कर गरीबों के निमित्त आए अनाज का बाजारीकरण कर रहे हैं। इन तमाम धांधली से अंदाजा स्वत लगाया जा सकता है कि कार्ड धारक को सरकारी अनाज लेने में किन-किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता होगा।

# उत्तराखण्ड को मयखाना नही बनने दिया जायेगा: बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में जगह-जगह नई शराब की दुकान खोलने हेतु लाइसेंस आवंटित किया जा रहे है जो कल तक भाजपा नेता इनका विरोध करते थे आज वो ही शराब का कारोबार कर रहे हैं। इसी के तहत जनपद उधम सिंह नगर में कई जगह नई शराब की दुकानें खोली जा रही है। ग्राम कनकपुर व कीरतपुर समेत रुद्रपुर और किच्छा के अनेक स्थानों पर नए शराब की दुकान के लाइसेंस आवंटित किये गए है। बढ़ती शराब की दुकानों के कारण युवाओं पर बुरा असर पर रहा है युवा जो कि पहले ही नशे में पड़े हुए है। इस नीति से और अधिक नशे की लत में पड़ेंगे जिस कारण प्रदेश में लूटपाट व घरेलू हिंसा व अपराधिक घटनाओं के मामले बढ़ते जा रहे है। वे पूर्ण रूप से



इसका विरोध करते है यहाँ पर शराब की दुकाने बढ़ने नहीं दी जायेगी और सरकार को आगाह करते है कि प्रदेश के हित में इन शराब दुकानों के लाइसेंस की संख्या पहले जितनी ही रखी जाए अन्यथा इसके दुष्परिणाम प्रदेश में आने वाले समय में देखने को मिल सकते है वे किसी भी तरह उत्तराखण्ड जो देव भूमि है इसको महखाने में तब्दील नहीं होने देंगे और पुरजोर तरीके से इसका विरोध करेंगे। इससे पूर्व विधायक बेहड़ जनता संवाद के तहत अपने आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों की समस्याएं को सुना व उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान हतु आवशयक कार्यवाही की। जिसमें क्षेत्रवासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी जिसके तहत नियाज अहमद निवासी वार्ड 18 किच्छा तथा अमरीन निवासी वार्ड न०-04 किच्छा ने पुत्रियों के विवाह हेतु मुख्यमंत्री आर्थिक साहयता दिलाये जाने हेतु, श्रीमती तारा शर्मा निवासी वार्ड न०04 ने पेंशन बनवाने हेतु, सीतादेवी प्रतापपुर कलौनी निवासी ने बिजली के बिल की समस्या से विधायक बेहड़ को अवगत कराया। बेहड ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना कुछ समस्याओ का विधायक द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया और सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्यायों के शीघ्र से शीघ्र निस्तारण किये जाने को कहा। तथा सभी क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया की बाकी सम्बन्धित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और अचार सहिंता हटने के पश्चात सभी सभी समस्याओं का हर हाल में निस्तारण कराया जायेगा।

# स्वच्छता को लेकर स्टोन रिज स्कूल में कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल में रोटरी क्लब और इंटरेक्ट क्लब द्वरा कल्याणी नदी की साफ सफाई एंव शहर में फैल रहें कचरे के पृथक्करण के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों रोटेरियन ओमप्रकाश सिंघल रोटेरियन डॉ० बी० एस० बिष्ट, रोटेरियन



अशोक अग्रवाल, रोटेरियन नमन अग्रवाल, एवं नगर निगम साथी ग्रुप से नीलम कोहली और अनिल कुमार, प्रबंधक राजेश सलूजा एवं प्रधानाचार्य संजीव स्टीफन के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। गौरी गगनेजा एवं मौली कक्कड़ ने बच्चों को कूड़े के प्रथक्कीकरण के बारे में बताया। तत्पश्चात् रोटेरियन सदस्यों ने बच्चों को कल्याणी नदी परियोजना से जुड़ने के लिए अवगत कराया।

# पेयजल किल्लत को लेकर सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। बढ़ती गर्मी के चलते नगर क्षेत्र में पेयजल की किल्लत प्रारंभ हो गई है। नगर के वार्ड 16 टीचर्स कॉलोनी और विकास कॉलोनी में पीने के पानी न आने की समस्या को लेकर तमाम वार्डवासियों ने जल विभाग के जेई आसिम से मुलाकात कर दोनों वार्डों में पेयजल आपूर्ति किए जाने की मांग को लेकर एक लिखित ज्ञापन प्रेषित किया तथा मांग की कि यदि वार्ड में पेयजल की आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो आंदोलन किया जायेगा। जेई आसिम ने आश्वासन दिया कि जल्द ही वार्ड 16 में पेयजल की आपूर्ति पूर्ण रूप से सुचारू कर दी जाएगी। इस दौरान विवेक राय, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, ज्ञानेश मिश्रा, अध्यक्ष देवभूमि फाउंडेशन, विशाल शर्मा, मुकेश राठौर, रोहित ठाकुर, मनोज जोशी, मनीष सिंह मेहरा, कौशल शर्मा, गुलशन सक्सेना, सुमित दर्जन, राजेंद्र बिष्ट, पंकज सिन्हा, कुशल गुप्ता, अजय कश्यप, मोहमद रिजवान समेत तमाम लोग रहे।



# टिहरी ने नैनीताल ए को और चंपावत ने पिथौरागढ़ को हराया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में जिला इकाई क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के द्वारा आयोजित अंडर-19 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच एमेनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर नैनीताल ए और टिहरी के मध्य खेला गया। नैनीताल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के खेल में 6 विकेट पर 287 रन बनाएं।जिसमें लक्ष्य चांदनी ने 122 रनों की नाबाद पारी खेली।प्रत्यूष राणा ने 55 और रोहित जोशी ने 33 रनों का योगदान दिया। टिहरी की तरफ से कृष्णवीर ने दो, रोहित जतिन अर्थव ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टिहरी की टीम 5 विकेट पर 288 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें रोहित सिंह यादव ने 100 रन की पारी खेली। कृष्ण गर्ग में 57 और युवराज प्रताप ने 53 रनों की पारी खेली। नैनीताल की तरफ से लक्ष्य चंदानी ने 2, प्रांजल



रैकवार ने दो एक विकेट लिया। यह मैच टिहरी ने 5 विकेट से जीत कर 2 अंक प्राप्त कर लिए हैं मैच के अंपायर यज्ञवेंद्र सिंह पवार और मोहम्मद आमिर ऑनलाइन स्कोरिंग पवन द्वारा की गई। इस अवसर पर बलवंत सिंह, राजेंद्र कुमार, इंद्र नीलकर ,नैनीताल के कोच तरुण पोपली, संजय कुमार उपस्थित रहे। वही रूद्र लॉयस ,जैन ग्लोबल स्कूल में चंपावत और पिथौरागढ़ के मध्य मैच खेला गया। पिथौरागढ़ में पहले बल्लेबाजी करते हुए 97 रनों पर ऑल आउट हो गई। पिथौरागढ़ की तरफ से शुभम ने 22 विनय कुमार कापड़ी ने 14 रनों कायोगदान दिया। चंपावत की तरफ से अनमोल सिंह ने 3, गोल्डी अनुपम और गजेंद्र ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का करने उतरी चंपावत की टीम ने 98 रनों का लक्ष्य 5 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया ।चंपावत की तरफ से राम पांडे ने 26 गोल्डी 23 रोहित ने 16 रनों का योगदान दिया। पिथौरागढ़ की तरफ से साहिल रावत ने 3, प्रवेश और अभिषेक ने 1-1 विकेट लिया। यह मैच चंपावत ने 5 विकेट से जीतकर दो अंक और प्राप्त कर लिए हैं। मैच के अंपायर निर्भय कुमार और मोहम्मद साजिद ऑनलाइन स्कोरिंग मोहित कुमार द्वाराकी गई। इस अवसर पर सुनील शर्मा सुधाकर जोशी नवीनतम आफताब आलम और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजक समिति ने बताया है कि कल एमेनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर उधम सिंह नगर बी और नैनीताल ए के मध्य तथा जैन ग्लोबल स्कूल में उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ के मध्य सुबह 8 बजे से मैच खेला जाएगा।

# डीएम ने की मतगणना की तैयारियों की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 बीबीआरसी पुरूषोत्तम ने वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होने बताया कि मतगणना केन्द्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर लें। उन्होने बताया की मत गणना केन्द्रों में बिना प्रवेश पत्र के किसी को भी प्रवेश न करने दिया जाये। उन्होने कहा कि मतगणना केन्द्र में प्रेक्षक के अतिरिक्त किसी को भी मोबाईल फोन ले जाने की अनुमति नही होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना स्थल पर इन्टरनेट की उचित व्यवस्था हो इसका विशेष ध्यान रखे एवं विद्युत व्यवस्था भी सुचारू रहे। उन्होने बताया कि मतगणना केन्द्र में प्रिंटर, फोटो स्टेट मशीन, स्केनर आदिआवश्यकता अनुसार सभी व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित कर लिया जाये। उन्होने कहा कि मतगणना की रिपोर्ट समय से उपलब्ध हो इसके लिये भी सभी तैयारी कर लें। मीडिया के लिये मतगणना स्थल पर मीडिया सेन्टर स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर लिया जाये। उन्होने कहा कि मत गणना स्थल पर भोजन, पानी, शौचालय, कुर्सी, टेबल आदि की उचित व्यवस्था समय से पूर्ण कर लें। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, जिला विकास अधिकारी अजय सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी आदि मौजूद थे।



# चेकिंग करते चौकी इंचार्ज को स्कूटी सवार ने मारी टक्कर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत सायं बरेली रोड पर चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट के मौके से भाग रहे एक एक स्कूटी सवार ने मंडी चौकी प्रभारी को जोर से टक्कर मार दी। इस हादसे में चौकी प्रभारी का हाथ टूट गया। घटना को अंजाम देने वाला मौके से फरार हो गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम साढ़े सात बजे चौकी इंचार्ज विजय मेहता बरेली रोड पर अपनी चौकी के बाहर ही सिपाहियों के साथ मिलकर वाहन चेकिंग कर रहे थे।इसी बीच हल्द्वानी की ओर से एक युवक बगैर हेलमेट के लालकुआं की ओर जा रहा था। जिसे चौकी इंचार्ज ने देख लिया और रोकने का प्रयास किया।



जिस पर युवक ने रुकने के बजाय सीधे चौकी इंचार्ज को कुचलने का दुस्साहस किया और उनके ऊपर ही स्कूटी चढ़ा दी। चौकी इंचार्ज गिरकर चोटिल हो गए। स्कूटी सवार युवक मौके से भागने में कामयाब हो गया। साथी जवान गंभीर रूप से घायल चौकी प्रभारी विजय मेहता को उपचार के लिए डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। उनका दाहिना हाथ टूट गया है और शरीर में कई जगह गुमचोट आई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। देर रात चौकी इंचार्ज विजय मेहता की ओर से कोतवाली में अज्ञात युवक के विरुद्ध तहरीर सौंप दी गई है।कोतवाल उमेश कुमार मलिक का कहना है कि आरोपित पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भ्रष्टाचार का संरक्षण

लंबे समय से देश भर में काले धन के खिलाफ अभियान चल रहा है। जांच एजंसियां लगातार सक्रिय हैं। मगर तमाम कवायदों के बावजूद इस समस्या से पार पाना बड़ी चुनौती बनी हुई है। सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने झारखंड की राजधानी रांची में राज्य सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर छापेमारी की, जिसमें पैतीस करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद हुई। खबर के मुताबिक, यह छापेमारी झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता से जुड़े मामले में हुई है, जिसे ईडी ने पिछले वर्ष धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। धनशोधन का सिरा मंत्री के निजी सचिव और उसके घरेलू सहायक से भी जुड़ा हुआ था, इसलिए ईडी ने उसे जांच और कार्रवाई के दायरे में लिया। सवाल है कि इतनी बड़ी रकम काले धन के रूप में किसी के घर में पड़ी थी, तो इस तरह का भ्रष्टाचार बिना किसी उच्च स्तरीय संरक्षण के चलना कैसे संभव है? सवाल यह भी है कि भ्रष्टाचार और काले धन के खिलाफ अभियान चलाने और इसके खात्मे के लिए हर स्तर पर कार्रवाई करते हुए पिछले आठ-वर्षों में जितने वादे और दावे किए गए, उसके मुकाबले कामयाबी कहां दिखती है! आखिर क्या वजह है कि हर कुछ दिनों बाद किसी नेता या अधिकारी के घर या दफ्तर में छापे मारे जाते हैं, वहां से करोड़ों रुपए नगद बरामद होते हैं? समझना मुश्किल है कि जांच एजंसियों की सघन कार्रवाइयों के बीच दीवार फोड़ कर कहां से इतनी भारी मात्रा में नगदी निकल आती है? क्या वजह है कि काले धन पर काबू पाने के लिए बनाए गए कायदे-कानून को लेकर सख्ती के दावों के बावजूद भ्रष्ट आचरण में लिप्त नेता या अफसर को कई-कई करोड़ रुपए नगद अपने घरों में छिपा कर रखने में कोई खौफ नहीं होता? कहा जा सकता है कि सरकारी एजंसियां भ्रष्टाचार और काले धन की समस्या को खत्म करने को लेकर सक्रिय हैं। मगर यह भी सच है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ने और संबंधित महकमों या एजंसियों की अति-सक्रियता के बावजूद इस समस्या पर काबू पाना आज भी मुश्किल साबित हो रहा है।

# महिला रामलीला के कलाकारों को किया सम्मानित

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।वरिष्ठ लेखिका एवं स्नेह प्रवाह की संयोजिका श्रीमती जया पाण्डे ने नन्हे फरिश्ते कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसको पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने शुभारंभ कर नन्हे बच्चों के लिए समर्पित किया किया। इसके अतिरिक्त देश की प्रथम महिला रामलीला का आयोजन करने वाली श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर एवं रामलीला समिति कर्नाटक खोला की महिला रामलीला के कलाकारों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।साथ ही विकास खंड भैसियाछाना की ग्राम सभा सल्ला की शांति देवी, विमला देवी,पुष्पा देवड़ी आदि महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की।कार्यक्रम पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक के कार्यालय लोअर माल रोड कर्नाटक खोला अल्मोड़ा में आयोजित किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ लेखिका जया पाण्डे ने कहा कि हमारी संस्कृति और विरासत को संजो कर रखने में श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर एवं रामलीला समिति कर्नाटक खोला अल्मोड़ा ने बेहतरीन कोशिश की है।महिला रामलीला का शुभारंभ अपने आप में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है।इससे जहां हम अपनी संस्कृति को अपनी भावी पीढ़ी तक ले जाने में सफल होंगे,वहीं दूसरी ओर इससे हमारी संस्कृति की झलक बाहरी देशों तक एक नये रूप में जाएगी। इसी के साथ वूमेन इम्पावरमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन सीमा कर्नाटक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्नेह प्रवाह टीम को बेहतर तरीके से कार्य करने तथा सक्रिय



बनाने के लिए एक लैपटॉप भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनक का किरदार निभाने वाली रीता पांडे, विश्वामित्र एवं वशिष्ठ का किरदार निभाने वाली मीना भट्ट, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का किरदार निभाने वाली रश्मि काण्डपाल,लक्ष्मण का किरदार निभाने वाली मेघना पाण्डे,ताड़का, परशुराम,शूनपर्खा का किरदार निभाने वाली हिमांशीअधिकारी,रावण का किरदार निभाने वाली विद्या कर्नाटक, बाणासुर का किरदार निभाने वाली कमला पांडे,राजा का किरदार निभाने वाली बबीता एवं गीता जोशी,कैकयी का किरदार निभाने वाली मेघा कांडपाल,सीता का किरदार निभाने वाली कोमल जोशी, हनुमान का किरदार निभाने वाली मीनाक्षी जोशी,मंदोदरी का किरदार निभाने वाली रेखा पवार, मेघनाद एवं मारीच का किरदार निभाने वाली गीतांजलि पाण्डे,कुम्भकरण एवं राजा का किरदार निभाने वाली आशा मेहता,शूरपर्खा का किरदार निभाने वाली कशिश रावत,खर एवं अहिरावण का किरदार निभाने वाली रेखा जोशी,दूषण का किरदार निभाने वाली सुनीता बगडवाल,अंगद एवं शबरी का किरदार निभाने वाली पूजा थापा,भरत का किरदार निभाने वाली वैष्णवी जोशी, शत्रुघ्न का किरदार निभाने वाली रक्षिता अल्मियां,सुमंत एवं नेपाली राजा का किरदार निभाने वाली पारू उप्रेती, परशुराम का किरदार निभाने वाली सुनीता पालीवाल,मंथरा का किरदार निभाने वाली भावना काण्डपाल,अंगद का किरदार निभाने वाली वन्दना जोशी,सुनैना,सीमा रौतेला, सीतारावत, निशा काण्डपाल, खुशी, इशू,प्रिया आदि कलाकारों को सम्मानित किया गया।

# चलती पिकप पर गिरा जलता पेड़

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्वतीय क्षेत्रों में जंगल लगातार धधक रहे हैं। हल्द्वानी से निर्माण सामग्री लेकर पदमपुरी जा रहे पिकअप वाहन के ऊपर सोमवार शाम चांफी के पास जलता पेड़ गिर गया। वाहन में फंसे चालक को अन्य वाहन चालकों ने बाहर निकाला। हादसे में चालक की जान बाल-बाल बच गई। चालक नवीन ने बताया कि बीते चार दिनों से क्षेत्र के जंगल लगातार जल रहे हैं। सोमवार शाम वाहन के ऊपर जलता हुआ पेड़ गिर गया। कहा कि अन्य चालकों की मदद से उसे बाहर निकाल लिया गया जिससे उसकी जान बच गई। उधर, बेतालघाट ब्लॉक के सीम और सिल्टोना के जंगल में लगी आग रविवार देर रात एक बजे आबादी क्षेत्र में पहुंच गई। आग को घरों के पास आता देख 50 से अधिक परिवारों में दहशत फैल गई। लपटों को बढ़ता देख ग्रामीण पानी डालने के साथ पिरूल की लाइन काटकर आग बुझाने में जुट रहे। आग से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण खीम सिंह, राजेंद्र जोशी, बालम सिंह, कीर्तन सिंह, देव सिंह ने बताया कि ग्रामीण रात भर आबादी क्षेत्र की आग बुझाने में लगे रहे। ग्रामीणों ने बगीचों और घास के लुटों को जलने से बचा लिया। इधर धूरा, हरतपा, बजेड़ी, घनियाकोट और ताड़ीखेत ब्लॉक के मलौना के जंगल सोमवार को धधकते रहे। आग की धुंध के कारण ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानी झेलनी पड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि बेतालघाट ब्लॉक के जंगलों में लगी आग से बांज, बुरांश, देवदार, काफल के पेड़ जलकर नष्ट हो गए।

# कालोनी में शराब की दुकान खोलने का विरोध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर मार्ग पर कालीन नगर स्थित बारही प्रोपर्टी फेस-1 कालोनी के गेट पर शराब की दुकान खोले जाने का कालोनी वासियों ने विरोध शुरू कर दिया है। कालोनीवासियों ने शराब की दुकान हटाये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी और जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। कालोनीवासियों ने ज्ञापन में कहा है कि कालोनी के गेट पर शराब की दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है, जिससे भविष्य में कालोनी का माहौल खराब होने की आशंका है। यहां पर शराब की दुकान खोले जाने से कालोनी की युवा पीढ़ी का भविष्य बर्बाद होने की संभावना है। कालोनीवासियों ने शराब की दुकान को हटाकर किसी अन्य स्थान पर खोले जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में आजाद सिंह, प्रमोद कुमार, मनीष गुप्ता, रामाधार, अनिल ओली आदि शामिल हैं।






# एक ही रात में राजपुरा से तीन बाईके चोरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस के रात्रि गश्त के दावों की धज्जियां उड़ाते हुए गत रात्रि अज्ञात वाहन चोरों ने राजपुरा क्षेत्र से तीन मोटर साइकिलों पर हाथ साफ कर लिया। मामलों की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार राजपुरा क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 में दो घरों के बाहर खड़ी तीन मोटरसाइकिले चोरी हो गयी है। जिसकी शिकायत पीड़ितों द्वारा राजपुरा चौकी में की गई है। अरविंद कुमार और मनोज नाथ की बाइक एक साथ घर के पास से चोरी हुई है। वहीं दूसरी अन्य बाइक भी पास के ही घर से चोरी हुई है। वही इस चोरी की घटना सीसीटीवी कमरे में भी कैद हो गई है। चोरी की घटना को तीन लोगों ने अंजाम दिया है। यह घटना मध्य रात्रि की है। जब तीनों चोर घर के पास पहुंचते हैं और रेकी करते हैं। घर के बाहर खड़ी दो मोटरसाइकिल का लॉक तोड़कर उसको धकेलते हुए लेकर जाते हुए दिख रहे हैं। फलहाल राजपुरा चौकी में इस संबंध में चोरी की तहरीर दी गई है। मामलों की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखने में जुट गई है। वही चोरी की घटना से पुलिस की देर रात्रि गस्ती पर भी सवालिया निशान लग गए हैं।

# प्रदेश में हीट वेव का अलर्ट जारी, बचाव के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य में गर्मी का असर लगातार बना हुआ है। आने वाले दिनों में बढ़ते तापमान को देखते हुए राज्य स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश में हीट वेव का अलर्ट जारी कर दिया गया है। स्वास्थ्य सचिव डा.आर राजेश कुमार द्वारा राज्य में आगामी महीनों में गर्मी के मौसम (हीट वेव) के दृष्टिगत गर्मी से सम्बन्धित बीमारियों से बढ़ते खतरे से निपटने एवं बचाव के लिये सभी जिला अधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए है। उन्होंने समस्त चिकित्सा ईकाईयों इकाइयों पर आवश्यक दवाईयों, आईवी फ्लूइड, आईस पैक,ओआरएस एवं सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चिता करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य सचिव ने कहा हीट वेव से संबंधित बीमारियों के लक्षणों की शीघ्र पहचान, निगरानी व रिर्पोटिंग हेतु चिकित्सा अधिकारियों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान करने व सभी चिकित्सा ईकाईयों पर ठण्डे पीने के पानी की उपलब्धता प्रदान करना आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा ईकाईयों में कुलिंग एम्पलायन्सिस हेतु निर्बाध बिजली की व्यवस्था, ठंडी हरित छत, खिडकियों के परदे आदि का प्रबंधन करने को कहा गया है। राज्य की सभी चिकित्सा ईकाईयों में रेन वाटर हारवेस्टिंग व वाटर रिसाईक्लिंग हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया है। स्वास्थ्य सचिव डॉ.आर राजेश कुमार ने कहा गर्मियो से संबंधित बीमारियों की रोकथाम के लिए निरन्तर जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिये गये हैं।

# साढ़े तीन लाख से 19 लाख पहुंचा मंडी शुल्क

## कृषि उत्पादन मंडी समिति में गेंहू की आवक से बढ़ी आय

सितारगंज (उद संवाददाता)।कृषि उत्पादन मंडी समिति को इस बार गेहूं की आवक से पिछली बार की तुलना में काफी आमदनी हुई है। मंडी को इस बार अप्रैल माह तक 19 लाख से अधिक मंडी शुल्क प्राप्त हुआ है। जो पिछली बार साढ़े तीन लाख तक था। कृषि उत्पादन मंडी समिति को विभिन्न स्रोतों से आय मिलती है। जिनमें फल सब्जी आदि उपलब्ध है। लेकिन सब्जी, फल से मिलने वाली आय बेहद कम होती है। इस बार अप्रैल माह तक कृषि उत्पादन मंडी समिति में 42330 कुंतल गेंहू की आवक दर्ज की गई है। गेहूं की इस आवन से मंडी को 6 आर के रूप में 1957827 रुपए का मंडी शुल्क प्राप्त हुआ है। पिछली बार गेहूं की आवक 8616 कुंतल दर्ज की गई थी। जिससे मंडी को 361489 रुपए का मंडी शुल्क प्राप्त हुआ था। मंडे की आय बढ़ाने के लिए सचिव विनोद कुमार पलड़िया ने पूर्व में ही छापेमारी दलों की विभिन्न टीमें गठित की थी। सचल दल की निगरानी के कारण ही इस बार मंडी में गेहूं की आवक बढ़ने से मंडी शुल्क में भी वृद्धि हुई है। इसके अलावा क्षेत्र में सरकारी गेहूं के कांटों पर तौल शून्य है। गेहूं का समर्थन मूल्य बाजार भाव से कम होने के कारण सरकारी कांटों पर किसानों का गेंहू नहीं पहुंच रहा है।

# सेंट मैरी का हाई स्कूल परीक्षा फल रहा शत प्रतिशत

गदरपुर(उद संवाददाता)। सेंट मेरी स्कूल का आईसीएसई (हाईस्कूल) का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। सेंट मैरी स्कूल में अध्यनरत हाई स्कूल की छात्रा प्राची यादव ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। वहीं सूरज पाठक ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व फोजिया ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त



किया। स्कूल में 15 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत अंक, 26 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत अंक, 29 छात्र-छात्राओं ने 70 प्रतिशत अंक, 11 छात्र-छात्रओं ने 60 प्रतिशत अंक, 08 छात्र-छात्राओं ने 50 प्रतिशत अंक, 03 छात्र-छात्राओं ने 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की। बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर फादर विजोय एवं समस्त स्टाफ द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# कृषि अवशेष जलाने पर प्रतिबंध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मजिस्ट्रेट उदयराज सिंह ने बताया कि विभिन्न माध्यमों/श्रोतो से ज्ञात हुआ है कि जनपद में फसल कटाई के उपरांत खाली खेतों में गेहूं/धान की बची हुई (अवशेष)/चारा आदि को जलाया जाता है, जिससे जहां



एक ओर पर्यावरण/वातावरण प्रदूषित होता है वही बुजुर्गो, छोटे बच्चों के साथ ही आम जनमानस को भी श्वांस सम्बन्धी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी बढ़ रही है, जिससे आग लगने की सम्भावना भी बढ़ रही है। इसके अतिरिक्त पर्यावरण/वातावरण फैली धुंध से परिवहन में भी काफी दिक्कते आती है। उन्होने बताया कि वर्तमान स्थिति में गेहॅू/धान की बची हुई अवशेषों भूसा, पराली, पुआल आदि जलाये जाने पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। जिला मजिस्ट्रेट ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जनपद में भूसा, पराली, पुआल आदि को खेतों में व अन्य स्थानों पर जलाने पर तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण रूप से 30 जून 2024 तक रोक लगाई है।उपरोक्त आदेश का उल्लंघन वर्तमान में प्रवृत्त अन्य कानूनों के प्रासंगिक प्राविधानों व नियमों के तहत अनुमन्य न होने के कारण भा.द.सं. की धारा-188 सपठित वायु एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत दण्डनीय है।

# पलक गंडा ने किया आईएससी इंटर कॉमर्स 90 प्रतिशत से टॉप



गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम बिशनपुर निवासी प्रगतिशील किसान अशोक कुमार गण्डा की होनहार सुपुत्री पलक गण्डा ने आईएससी (इण्टर बोर्ड) परीक्षा में कॉमर्स वर्ग में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय सेंट मेरी में टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पलक गण्डा ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनो को दिया है। उसने कहा कि वह मेहनत के साथ सीए की पढ़ाई करेंगी और सीए बनकर देश की सेवा करेगी। पलक गण्डा के शानदार प्रदर्शन पर नगर व क्षेत्र के विभिन्न संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालों में प्रीत ग्रोवर, गुंजन सुखीजा, टीकम खेड़ा, राजीव ग्रोवर, विधायक शिव अरोरा,विजय गुम्बर, प्रवीन मिड्ढा, बलदेव ढींगरा, दीपक गण्डा, सुरेश गण्डा, राकेश गुम्बर आदि शामिल है।

# अल्मोड़ा में गौवंश काटने वाले चार आरोपियों को दबोचा

## पुलिस टीम को एसएसपी द्वारा पांच हजार का इनाम देने की घोषणा




अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। गौवंश को काटने के बाद गोमांस के कुछ भाग को फैकने के वाद मामला पुलिस के संज्ञान में आने के बाद एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने इसे गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों को तत्काल गौ हत्या करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।जिसके बाद जांच के लिए पुलिस उपाधीक्षक विमल प्रसाद के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया और घटना स्थल का मुआयना किया गया। वही मामले के खुलासे के लिए एसओजी प्रभारी कुंदन रौतेला और भतरौजखान थानाध्यक्ष को जांच के लिए भेजा गया।वही गौमांस मिलने के बाद एसओजी प्रभारी कुंदन रौतेला सहित पुलिस की टीमें आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई।मामले में एसओजी और पुलिस टीम द्वारा महज70 घँटों में ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।मामले का खुलासा करते हुए अल्मोड़ा एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने बताया कि पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया कि तीन मई को भतरौजखान थाना पुलिस को रिची और मोहनरी रोड पर गौवंश का सिर, पैर व पेट के अन्दरुनी भाग काटकर फेंके जाने की सूचना मिली थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल खुलासे के लिए सीओ, भतरौजखान पुलिस,एसओजी टीम, आस-पास के थानों के पुलिस बल, जनपद पुलिस,एलआईयू व सर्विलांस टीमों को एक्टिव किया गया। घटना के खुलासे के लिए गठित टीमों से पल-पल की रिपोर्ट ली जा रही थी। अल्मोड़ा पुलिस द्वारा टीम वर्क के साथ कार्यएसओजी सहित सभी पुलिस टीमों द्वारा मामले में दोषियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से दो कुल्हाडी,चार छुरिया, एक अदद नुकीलीनुमा लोहे की रोड, धार लगाने वाला पत्थर, दो रस्से,सहित पयुक्त किए गए वाहन बरामद किया गया है। एसएसपी ने बताया कि मामले की संवदेनशीलता को देखते हुए सीओ विमल प्रसादसहित एसओजी और अन्य पुलिस टीमें लगातार तीन दिनों से भतरौजखान क्षेत्र में मौजूद थे। सीओ के नेतृत्व में थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी, एसओजी प्रभारी कुन्दन सिंह रौतेला व पुलिस टीम द्वारा आरोपितों के बारे में जानकारी जुटायी गयी। पुलिस टीम द्वारा रविवार पांच मई को तीन आरोपियों को कस्बा भतरौजखान पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद एक आरोपी को सोमवार को हिरासत में लिया गया।पकड़े गए आरोपियों में सलीम पुत्र जमील निवासी नरपतनगर थाना स्वार, रामपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी ग्राम बधाण, भतरौजखान इसराइल पुत्र खलील निवासी दड़ियाल थाना टाण्डा, रामपुर उत्तर प्रदेश, इमरान पुत्र कयूम निवासी मुड़ियाकला थाना बाजपुर जिला उधमसिंहनगर, हरी सिंह कडाकोटी उर्फ हरदा पुत्र अमर सिंह निवासी सूणी, भतरौजखान जिला अल्मोड़ा,है, जिन्हें आज न्यायालय में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया है।एसएसपी ने मामले का जल्द खुलासे के लिए पुलिस टीम को पांच हजार रुपए नकद इनाम की घोषणा की है।

## कैमरे में घूमता दिखा गुलदार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जंगलों में लगी आग से जंगली जानवर अब रिहायशी इलाकों में आने लगे हैं, जिस कारण जंगली जानवरों के आवासीय क्षेत्रो में आने से लोगों में भय का माहौल बन रहा है, लगातार कई दिनों से नगर क्षेत्र के केके मजियाखेत, और काफलखेत, नदीगांव, जिला जजी परिसर के आसपास के क्षेत्र में गुलदार दिखने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है, दो दिन पूर्व गुलदार सुबह उजाला होने और सूर्योदय के समय मजियाखेत मे मदन सिंह के घर के समीप देखा गया, वही गत रात्रि मजियाखेत में बसंत पांडे की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।वही लगातार क्षेत्र में गुलदार के दिखने से स्थानीय वाशिंदे भयभीत है, आलम ये है कि रात्रि में लोग अंधेरा होते ही घरों से बाहर नही जा रहे हैं जबकि शादी ब्याह में लोग आते जाते समय झुंड में जाने को मजबूर है, स्थानीय हरीश सिंह,ललित जोशी, चंद्रा मेहता, गोविंद सिंह, कमला पाठक, गंगा देवी, मोहिनी देवी, रिंकू भाकुनी, सीमा, रवीना, पूजा, भावना, राजेन्द्र सिंह, उमा गुरानी, कैलाश गड़िया, जगदीश सिंह ड्योढ़ी दीवान सिंह नेगी, जगदीश गुरानी, गोपाल सिंह, महेश जोशी आदि ने वन विभाग से क्षेत्र में रात्रि गश्ती और पिंजरा लगाकर गुलदार को सुरक्षित वन क्षेत्र में भेजने की मांग की है।



## बारिश होने पर वनाग्नि से मिली राहत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। लम्बे समय से दहकते हुए वनों की आग बुझाने के लिए लोगों को बारिश आने का इंतजार था, वही वनाग्नि के चलते चारो ओर धुंए का गुब्बार बन गया था, लेकिन सोमवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदली, और बारिश होने से हर किसी1के चेहरे पर खुशी लौट आई, बारिश होने से वनों की आग बुझने से पर्यावरण भी स्वच्छ होने की उम्मीद जगी है, सबसे ज्यादा खुशी दमा स्वांस के रोगियों को हुई है।ऐसे में बारिश होने से अब लोगों की वनों में आग लगने के बाद बारिश होने से काश्तकारों को भी अच्छी घास उगने की उम्मीद जगी है, वही तेज बारिश के बीच शादी ब्याह के सीजन में कई स्थानों पर खुले मैदान में शादी समारोह होने से वहां बारातियों और घरातियों को परेशानी उठानी पड़ी।लेकिन जिन स्थानों में पक्के टेंट लगे थे हवा तूफान और तेज बारिश से वे भी भीग गए। मानसून की पहली बारिश से लोगों को अपने सूखे हुए खेत खलिहानों में फसल बुआई के लिए राहत मिली है।



## एनसीसी प्रशिक्षण शिविर शुरु

गरुड़(उद संवाददाता)। 81 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण जवाहर नवोदय सिमार में शुरु हो गया है। शिविर का शुभारंभ कैंप कमांडेंट कर्नल रविन्द्र सिंह भंडारी ने किया। शिविर को सम्बोधित करते हुए कर्नल भंडारी ने बताया कि कैडेट्स को ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, हथियारों का प्रशिक्षण,नशा मुक्ति समेत युद्ध क्षेत्र में दुश्मन की स्थिति का पता लगाना व किस प्रकार दुश्मन को लड़ाई में मात दे सके ये सभी गुर सिखाए जाएंगे। एनसीसी सेकेंड ऑफिसर एमसी जोशी ने बताया कि शिविर में 529 कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। बताया कि कैडेट्स को आत्म सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, साईबर क्राइम, व्यक्तित्व विकास आदि की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान लेफ्टिनेंट प्रकाश कालाकोटी, चीफ ऑफिसर गोविन्द रौतेला,सीटीओ प्रियंका भाकुनी,पूनम गढ़िया आदि मौजूद थे।



## पेज एक का शेष...

**९३ सीटों के लिए...**ज्यादा पीजिए। इससे स्वास्थ्य बेहतर रहेगा और एनर्जी भी बनी रहती है। पीएम मोदी ने लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, आज तीसरे चरण का मतदान है। मैं देशवासियों को विशेष रूप से आग्रह करुंगा कि लोकतंत्र में मतदान एक सामान्य दान नहीं है। हमारे देश में दान का एक महात्मय है। उसी भाव से देशवासी ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। आज तीसरे चरण का मतदान है। अभी तीन सप्ताह और मतदान चलेगा। मतदान के चार दौर आगे भी हैं। मेरा गुजरात में मतदान के नाते यही एक रेगुलर जगह है जहां से मैं मतदान करता हूं। पीएम मोदी ने बताया कि वे कल ही आंध्र प्रदेश से आए हैं। आज वह मध्य प्रदेश जाएंगे। उन्होंने कहा, मैं कल ही आंध्र प्रदेश से आया हूं। यहां से मध्य प्रदेश जाना है। महाराष्ट्र जाना है, फिर आगे जाना है। इसलिए मैं ज्यादा बात तो नहीं कर पाऊंगा। लेकिन मैं उन लोगों का अभिवादन करता हूं जो मतदान की इस प्रक्रिया में हिस्सा ले रहे हैं। पीएम मोदी ने बताया कि यह दुनिया के लिए सीखने का मौका है। दुनिया के विश्वविद्यालयों को इस पर केस स्टडी करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, ष्यह लोकतंत्र का उत्सव न सिर्फ भारत में है, बल्कि इस साल पूरी दुनिया में है। इसके लिए चुनाव आयोग बहुत-बहुत अभिनंदन का अधिकारी है। मीडिया भी पूरी तरह चुनाव के रंग में रंग जाती है। यही मंथन देश के लोकतंत्र को मजबूती देता है। इस लोकतंत्र के पर्व में जो भी जितना योगदान दे रहा है, सभी अभिनंदन के अधिकारी हैं। इसे लोकतंत्र के उत्सव के रूप में मनाएं। मीडिया से बात करने के बाद पीएम मोदी ने वहां मौजूद लोगों से भी मुलाकात की। इस दौरान एक महिला ने उन्हें राखी भी बांधी। पीएम मोदी ने वहां मौजूद बच्चों के हथेली पर अपना ऑटोग्राफ भी दिया।

**लश्कर के टॉप कमांडर...**को संयुक्त बल इलाके में पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आर्तंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसका सुरक्षा बलों ने भी जवाब दिया। कश्मीर जोन पुलिस ने अपने एक्स हैंडल से एक पोस्ट में लिखा, कुलगाम जिले के रेडवानी पाइन इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस और सुरक्षा बल काम पर हैं। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में गत 4 मई को आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना के काफिले पर घात लगाकर हमला कर दिया था। सुरक्षा अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इस हमले में आईएएफ का 1 जवान शहीद हो गया, जबकि 4 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हमला शनिवार शाम को तब हुआ जब वायुसेना का काफिला जिले के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर बढ़ रहा था। इस हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें मार गिराने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों पर यह इस साल का दूसरा ऐसा हमला है। जनवरी में सेना के एक काफिले पर संदिग्ध आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की थी। सुरक्षा अधिकारियों को भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमले में आर्तंकियों के उसी समूह की संलिप्तता का संदेह है, जिन्होंने पिछले साल 21 दिसंबर को बुफलियाज इलाके में सेना की गाड़ियों पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें चार सैनिक मारे गए थे और तीन घायल हो गए थे।

**गुरूद्वारे को देहरादून से ...**कमेटी में आने पर देखा गया। उन्होंने कहा कि संगत ने उनसे जो उम्मीद रखी थी, वह इस पर खरे नही उतरे, इसलिए उन्हें संगत के गुस्से का सामना करना पड़ा है। नए प्रधान जोगेन्द्र सिंह संधु ने कहा कि सिक्खो के पवित्र स्थल की मर्यादा को बनाए रखने के लिए वह धर्म सेवा करेंगे। गुरूद्वारे में संगत को और अधिक सुविधा दिलाने का प्रयास किया जायेगा। श्री संधू ने कहा कि गुरूद्वारा साहिब सिक्खों का पवित्र स्थल है, जिसमें सभी धर्मो की आस्था जुड़ी है। यूपी से लेकर पंजाब उत्तराखण्ड के साथ ही देश विदेश से भी श्रद्धालु आकर गुरू घर में शीश नवाते हैं। उन्होंने अपनी प्राथमिकता बताते हुये कहा कि गुरूद्वारें में आने वाले श्रद्धालुओं को और अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए वह जल्द ही कमेटी के सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए कार्य करेंगे। श्री संधु ने कहा कि मैं गुरू घर की सेवा से वर्षो से जुड़े हूं। बहेड़ी यूपी से लेकर उत्तराखण्ड के गुरूद्वारे की सेवा करने का अवसर मिला है। गुरूद्वारे में आने वाले श्रद्धालुओं को अच्छा लंगर मिले। इस पर भी पूरा ध्यान देने के साथ ही शौचालय, पीने के पानी समेत पार्किग की उचित व्यवस्था हो इस भी वह कार्य करेंगे। जिसके लिए गुरूद्वारें के सभी कर्मचारियों के सहयोग के साथ गुरूद्वारे के अधूरे कार्यो को आगे बढ़ाने का कार्य किया जायेगा। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव स0 अमरजीत सिंह ,डायरेक्टर दवेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।

**दिनदहाड़े घर में घुसकर...**शोर मचाने पर आस पास के लोग एकत्र हो गए और एक युवक को पकड़ लिया। आरोपी युवक का एक साथी मौका देखकर फरार हो गया। मोहल्ले वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को तमंचे के साथ हिरासत में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष तहरीर देने की तैयारी कर रहा था।थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान ने बताया कि आरोपी युवक पुलिस हिरासत में है। पूछताछ की जाएगी बरामद तमंचा भी नकली लग रहा है। तहरीर मिलने पर वैधानिक कार्यवाही होगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने कहा कि नगर में दिनदहाड़े यह दुस्साहस की पहली घटना है प्रशासन को इस पर कार्यवाही करनी चाहिए।

**युवती ने कमरे में ...** भी यहां पहुंच गये। बताया जाता है कि मृतका डेढ़ वर्ष से यहां रह रही थी। उसके पिता दिल्ली में काम करते हैं। तीन भाई बहनों और प्रिया सबसे बड़ी थी। उसने बारहवीं तक शिक्षा ग्रहण की थी। कमरे में कोई सुसाईड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**साइबर ठगों ने ...**हाउस अरेस्ट में वर्चुअल बन्धक बना लिया गया। इसके बाद उसने उसके सभी बैंक खातों की डिटेल मंगवा ली। इसके बाद उसके द्वारा बाए गए खाते में 4 लाख रूपए ट्रांसफर करने को कहा गया। जिसके बाद उसने रकम खाते में डाल दी। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

**युवक ने गटका ...**है कि विमल ने कुछ समय पहले बैंक की नौकरी छोड़ दी थी। वह अविवाहित था जबकि उसके दो भाई शादी शुदा हैं। सोमवार की दोपहर को उसने विषाक्त का सेवन कर लिया जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई जिसके परिजन उसे लेकर एसटीएच जहां पर उसने दम तोड़ दिया। युवक ने विषाक्त का सेवन क्यों किया इसके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

**गजब कारनामा...**और उनके परिवार के छह सदस्यों का नाम अंकित है। आज जब वह नगर निगम में लगे कैम्प में वोटर लिस्ट देखने गये तो उसमें उनका और उनके परिजनों का नाम वहां से गायब है। बहरहाल वह अपना और अपने परिजनों का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने की तैयारी कर रहे है।

## जर्जर सड़क का निर्माण कराने की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरु ने जिलाधिकारी नैनीताल को एक ज्ञापन देकर पतलोट से लेकर गोनियारो तक टूटी सड़क को जनहित निर्माण किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि पतलोट से लेकर गोनियारों तक सड़क पूरी टूट चुकी है तथा आने-जाने में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। जिस वजह से उक्त सड़क पर कभी भी बड़े हाथ से हो सकते हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि या तो सड़क का पुनरोद्धार कर दिया जाए या फिर सड़क को पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाए। प्रमुख राज्य आंदोलनकारी एवं पूर्व दर्जा राज मंत्री हरीश पनेरु ने भवाली स्थित सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा है बार-बार उनसे सड़क निर्माण की मांग करने के बावजूद भी सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों ने अभी तक कोई सुध नहीं ली है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्य अभियंता/ विभाग अध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, देहरादून,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल,,उप जिलाधिकारी, धारी ,अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भवाली,थाना अध्यक्ष, खंस्यूँ को भी प्रेषित की गई।

**रूद्रपुर नगर निगम....**पिछले नगर निकाय चुनाव 2018 में सात नगर निगमों का चुनाव हुआ था। जिसमें देहरादून और हल्द्वानी को सामान्य रखा गया था जबकि ऋषिकेश, हरिद्वार व कोटद्वार नगर निगम में मेयर का पद महिलाओं के लिए आरक्षित कर उनके लिये तीन सीटे सुरक्षित की गई थी। काशीपुर में ओबीसी और रुद्रपुर में अनुसूचित जाति के लिए मेयर का पद आरक्षित था। नगर निगम बनने के बाद रूद्रपुर की सीट लगातार दो बार आरक्षित की जा चुकी हैं और यहां अन्य नगर निगमों की अपेक्षा अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग की संख्या भी कम है। इसलिये सम्भावना जताई जा रही है कि इस बार निकाय चुनाव में रूद्रपुर नगर निगम सीट को सामान्य रखा जायेगा। कोटद्वार और श्रीनगर को नगर निगम बनाये जाने के बाद प्रदेश में अब कुल 9 नगर निगम में चुनाव होने जा रहा है। नगर निगम देहरादून और हल्द्वानी की सीट पिछले तीन चुनाव से सामान्य रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि उपरोक्त दोनों सीटों पर बदलाव हो सकता है। एससी जनसंख्या के अनुपात की बात करे तो प्रदेश में अनुसूचित जाति का प्रतिशत 17.14 प्रतिशत श्रीनगर नगर निगम क्षेत्र में है। जिसके चलते श्रीनगर नगर निगम सीट को एससी किये जाने की सम्भावना सबसे अधिक जताई जा रही है। बहरहाल ओबीसी आरक्षण के लिये गठित आयोग की रिपोर्ट आने के बाद प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मिया तेज हो गई है और सम्भावना जताई जा रही है कि प्रदेश में 15 मई के बाद कभी भी नगर निकाय चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की जा सकती हैं

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अफसरशाही की तरह गुरूद्वारा कमेटी को चलाने के आरोपों से जूझते रहे पूर्व आईएएस हरबंश चुघ

## हस्ताक्षर कराने के लिए घर जाते थे कर्मचारी

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के प्रधान पूर्व आईएएस हरवंश सिंह पर प्रधान चुनने के कुछ माह बाद ही गुरूद्वारा कमेटी को प्रधानी के बजाए अफसरशाही से चलाने के आरोप लगते रहे। गुरूद्वारे की फाईलों में हस्ताक्षर कराने के लिए बकायदा उनके घर गदरपुर जाना पड़ता था। बहुमत में होने के बाद भी संगत के गुस्से ने उन्हें गुरूद्वारे से पुलिस सुरक्षा में जाने के लिए मजबूर कर दिया। ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब कमेटी का प्रधान बनाने के लिए संगत ने उन्हें पहले गदरपुर के स्थानीय गुरूद्वारों के वोट से डायरेक्टर चुना। जिसके बाद उन्हें चुनाव के जरिए गुरूद्वारे का प्रधान चुना गया। उन्हें प्रधान बनाने के पीछे संगत की मंशा थी कि वह एक प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त है, ऐसे गुरूद्वारे की सेवा के लिए उनसे बेहतर प्रधान नही होगा। लेकिन प्रधान बनने के बाद उनका रवैया अफसरशाही जैसा रहा। ऐसे आरोप कई बार लगे उत्तराखण्ड किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने उनके एक साल के कार्यकाल को निराशजनक बताते हुये उन पर अफसरशाही के तरीके से गुरूद्वारे को चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि था कि वर्तमान प्रधान गुरूद्वारे में न आकर घर बैठे गुरूद्वारे के कार्यो को अपने मनमाने तरीके से चला रहें है। हालांकि तब पूर्व आईएएस ने अपने ऊपर लगे आरोपो को खारिज करते हुये कहा था कि ये आरोप ईशारे पर लगाए जा रहें हैं, जहां तक घर आकर हस्ताक्षर कराने का सवाल है, इस पर उन्होंने तर्क दिया कि इससे पूर्व के रिसीवर से भी हस्ताक्षर कराने के लिए जाना पड़ता था। जिस संगत ने उन्हें गुरूद्वारे की सेवा के लिए उसी संगत के सामने उन्हें अपनी कमेटी के दफ्तर से भारी विरोध के चलते पुलिस सुरक्षा में बाहर निकलना पड़ा। संगत का कड़ा विरोध पुलिस के लिए भी चुनौती से कम नही था।

# कोर्ट के आदेश के बाद ससुरालियों पर दर्ज हुआ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। एक विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए न्याय के लिए न्यायालय में गुहार लगाई है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस पर भी दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार महिला हेल्प लाइन में काउंसिलिंग हुई थी जिसके बाद उसे प्रताड़ित नहीं करने की बात ससुरालियों ने कही थी लेकिन इसके बाद भी उनका व्यवहार नहीं। चांदनी नामक महिला ने कोर्ट में दार वाद में कहा है कि उसका विवाह दमुवाढूंगा निवासी विपिन कुमार पुत्र सुरेश कुमार के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार 10 फरवरी 2018 को हुआ था। विवाह में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था लेकिन शादी के बाद पति विपिन कुमार, ससुर सुरेश कुमार, सास रेखा और ननद सोनिया ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जब उसने असमर्थता जताई तो उसके साथ मारपीट की गई। ससुरालियों ने दाज दहेज में मिले जेवर भी छीन लिए। ससुरालियों ने चौपहिया वाहन की डिमांड करनी शुरू कर दी। प्रताड़ना से परेशान होकर वह अपने मायके वापस आ गई। 2019 में उसका गर्भपात हो गया। कुछ समय बाद समझौता हुआ तो उसे ससुराल लाया गया। लेकिन दिसंबर 2021 में उसे दोबारा ससुराल से निकाल दिया और उसे एक और गर्भपात का सामना करना पड़ा। ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान उसके पिता को कार्डिएक अरेस्ट आ गया और उनकी मौत हो गई। ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान होकर उसने हल्द्वानी कोतवाली में लिखित शिकायत दी जिसके बाद महिला हेल्पलाइन में काउंसिलिंग हुई जिसके बाद वह महिला को घर ले जाने के लिए राजी हुए। लेकिन इसके बाद भी उनका रवैया नहीं बदला। बार-बार प्रताड़ित करने के बाद उसने मामले की शिकायत 6 अगस्त 2022 को एसएसपी नैनीताल के कार्यालय में की। इसके अलावा डीआईजी को भी शिकायत भेजी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने न्याय के लिए न्यायाल में गुहार लगाई है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पढ़ी लिखी बेटियां समाज में लाएंगी सुधार

सितारगंज( उद संवाददाता)। कुरआन शरीफ के बाद मुसलमान सबसे ज्यादा अहमियत बुखघरी शरीफ को देते है। बुखघरी शरीफ की पहली हदीस पढ़ाने के लिए मरकज मिन्हाजुस सालेहात में बरेली शरीफ से मुफ्ती बहाउल मुस्तफा कघदरी शैखुल हदीस जामिया तुर्र रजा बरेली शरीफ तशरीफ लाए। उन्होंने हदीस की अहमियत और तालीम की जरूरत पर बात की। मरकज में पढ़ने वाली बच्चियों को बताया तालीम बहुत जरूरी है। कहां अच्छी नियत के साथ अच्छे काम करना चाहिए। अगर लड़कियां पढ़ लिख जाएंगी तो समाज में सुधार पैदा होगा। बरेली से पहुंचे ध



र्मगुरु मुफ्ती बहाल उल मुस्तफा कघदरी ने मौलाना आरिफुल कघदरी वाहिदी को सिलसिल ए कघदरिया रजविया में अपनी इजाजत, खघ्लिाफत से नवाजा। मौलाना जलीस रजा मरकजी, मौलाना आरिफ नूरी मंजरी, मौलाना गुलाम मुस्तफा अलीमी, मौलाना सईद रजा मिस्बाही के अलावा प्रोग्राम में मरकज मिन्हाजुस सालेहात की आलिमा सना फातिमा वाहिदी, आलिमा हिना फातमा, आलिमा नूर फातिमा को हदीस की सनद भी पेश की। इस मौके पर हाफिज युसूफ रजा वाहिदी कारी, आरिफ कादरी, मौलाना इनामुल हक कादरी, मौलाना अब्दुल मन्नान, अलीमी मरकज मिन्हाजुस सालेहात के सदर हाजी मेराज अहमद मौजूद रहे।

# किच्छा चीनी मिल ने किया पेराई सत्र के सम्पूर्ण गन्ना मूल्य का भुगतान

किच्छा( उद संवाददाता)। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने बताया कि किच्छा चीनी मिल में 19 फरवरी 2024 से दिनांक 17 मार्च 2024 तक खरीदे गये गन्ना मूल्य 28 करोड़ 22 लाख 47 हजार रूपये का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से सम्बन्धित समितियों के बैंक खातों में कर दिया गया है। इस प्रकार किच्छा चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2023-24 के दौरान क्रय किये गये सम्पूर्ण गन्ने के मूल्य 111 करोड़ 3 लाख 42 हजार 153 रूपये का भुगतान सम्बन्धित समितियों को कर दिया गया है। उपरोक्त कुल गन्ना मूल्य भुगतान में से 83 करोड 27 लाख 42 हजार 153रूपये का भुगतान किच्छा चीनी मिल द्वारा स्वयं के संसाधनों से किया गया है जबकि 27.76 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान के मद में उत्तराखण्ड शासन द्वारा शासकीय सहायता के रुप में किच्छा चीनी को दिया गया है, जिससे भुगतान किया गया। किच्छा चीनी मिल के द्वारा 75% गन्ना मूल्य का भुगतान स्वयं के संसाधनों से तथा 25 % गन्ना मूल्य का भुगतान शासन से प्राप्त सहायता राशि से किया गया। अधिशासी निदेशक पे बताया कि शासन द्वारा इस बार सहायता राशि जल्दी प्रदान की गयी, जिस कारण समस्त गन्ना मूल्य का भुगतान यथासमय किया जा सका। चीनी मिल के द्वारा इस वर्ष गन्ना कृषकों के सहयोग से चीनी मिल किच्छा का अधिकतम 10.82 प्रतिशत चीनी परता प्राप्त किया गया। साथ ही अधिशासी निदेशक के द्वारा सभी किसानों, ट्रांस्पोर्टरों, गन्ना विभाग व चीनी मिल के अधिकारी, समस्त गन्ना समितियों के सचिव व सभी मीडिया कर्मियों का भी मिल संचालन में सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया गया।




# अवैध खनन का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर हमला

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। अवैध रूप से गांव में मिट्टी खनन का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर गांव के ही कुछ दबंगों ने लाठी डण्डों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि कुछ लोगों को मामूली चोटें आयी हैं। बताया जा रहा है कि हमले की घटना पटवारी के सामने हुई। जानकारी के मुताकि गदरपुर के पास स्थित ग्राम कुंईखेड़ी में एनएच द्वारा मिट्टी खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस जगह से खनन की अनुमति ली गयी है उसके विपरीत दूसरी जगह से भी अवैध रूप से धड़ल्ले से खनन किया रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पोकलैण्ड मशीन से किये जा रहे अवैध खनन से उनकी उपजाऊ भूमि को खतरा पैदा हो गया है। इस अवैध खनन में गांव



के कुछ दबंग लोग भी मिले हुए हैं, जो अवैध खनन करवाने में मदद कर रहे हैं। आज सुबह पौकलैण्ड मशीन से जब खनन किया जा रहा था, तभी ग्रामीणों ने विरोध करते हुए पोकलैण्ड को वापस कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी लेकिन पुलिस पटवारी को मौके पर बुलाने की बात कहकर लौट गयी। बाद में पटवारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि पटवारी के सामने ही दबंगों ने लाठी डण्डों और हथियारों से उन पर हमला कर दिया। हमले में 42 वर्षीय जरनैल सिंह पुत्र कहर सिंह निवासी कुंईखेड़ी गंभीर घायल हो गया। उसके सिर पर गंभीर चोट आयी है। घायल को गदरपुर स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया वहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। मामले को पुलिस को तहरीर देने की तैयारी की जा रही है।

# भाजपा कार्यकर्ता के घर में दिनदहाड़े चोरी

गदरपुर( उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोपाल नगर में भाजपा कार्यकर्ता हरिशंकर के घर दिनदहाड़े चोरों ने धावा बोलकर गैस सिलेंडर सहित 5000 की नगदी पर हाथ साफ कर लिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार करीब 11बजे ग्राम गोपाल नगर में भाजपा कार्यकर्ता हरिशंकर के निवास पर अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। हरिशंकर ने बताया कि उनकी धर्मपत्नी की सैलरी के रखे हुए 5000 और एक गैस सिलेंडर चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। हरिशंकर ने बताया कि चोरों के



हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वह अब दिन में भी चोरी कर रहे हैं पुलिस का कोई खौफ चोरों के अंदर अब नहीं रहा है । सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर पूछताछ की। समाचार लिखे जाने तक हरिशंकर द्वारा तहरीर देने की तैयारी की जा रही थी।नगर में दिनदहाड़े दो घटनाएं घटित होने पर हड़कम्प मच गया।